दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 95 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | शुक्रवार, 06 फरवरी 2026 | फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष पंचमी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in | badhatarajasthan@yahoo.com | badhatarajasthan.dainik | badtarajasthan

## मेघालय में अवैध कोयला खदान में धमाका, 16 की मौत

### कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका, बचाव और खोज अभियान जारी



बढ़ता राजस्थान

**शिलांग ( एजेंसी )।** मेघालय के ईस्ट जैंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को अवैध कोयला खदान में धमाका हो गया। हादसे में कम से कम 16 मजदूरों की मौत हो गई। कई मजदूरों के अब भी खदान में फंसे होने की आशंका है। यह जानकारी राज्य की पुलिस महानिदेशक आई. नोंग्रांग ने दी। बचाव दल राहत और खोज अभियान में लगे हुए हैं। यह हादसा सुबह थांग्स्कु इलाके में हुआ। नोंग्रांग ने कहा,अब तक 16 शव बरामद किए जा चुके हैं। धमाके के समय खदान के अंदर कितने मजदूर थे, यह अभी साफ नहीं है। और लोगों के फंसे होने की आशंका है।

#### एक घायल शिलांग रैफर

एक घायल व्यक्ति को पहले सुतंगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए शिलांग के अस्पताल में रेफर किया गया। यह जानकारी ईस्ट जैंतिया हिल्स के स्क विकाश कुमार ने दी। पुलिस के मुताबिक, विस्फोट कोयला खनन के दौरान हुआ और यह खदान अवैध रूप से संचालित की जा रही थी।

#### धमाके का कारण पता नहीं

धमाके का कारण के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच की जाएगी। गौरतलब है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने वर्ष 2014 में मेघालय में रैट-होल कोयला खनन और अन्य अवैज्ञानिक खनन तरीकों पर रोक लगा दी थी। यह रोक पर्यावरण को होने वाले नुकसान और मजदूरों की सुरक्षा को देखते हुए लगाई गई थी। साथ ही, ऐसे तरीकों से निकाले गए कोयले के अवैध परिवहन पर भी प्रतिबंध लगाया गया था।

#### रैट होल माइनिंग में बहुत संकरी सुरंगें खोदी जाती हैं

रैट-होल माइनिंग में बहुत संकरी सुरंगें खोदी जाती हैं, जिनकी ऊंचाई आमतौर पर 3-4 फीट होती है। मजदूर इन्हीं सुरंगों में घुसकर कोयला निकालते हैं। ये सुरंगें इतनी छोटी होती हैं कि उनमें एक समय में केवल एक व्यक्ति ही जा सकता है। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी इस प्रतिबंध को बरकरार रखा और केवल वैज्ञानिक, नियंत्रित और पर्यावरण सुरक्षा के नियमों के तहत ही खनन की अनुमति दी।

## राज्यसभा में पीएम बोले : कांग्रेस के वक्त डील यानी बोफोर्स घोटाला

### कहा : ये मोहब्बत की दुकान मोदी की कब्र खोदने की बात करती है

#### विपक्ष का वॉकआउट



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया। स्पीच के दौरान विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्षी नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी को बोलने दिया जाए, तानाशाही नहीं चलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि खड़गेजी की उम्र देखते हुए उन्हें बैठकर नारे लगाने की इजाजत दी जाए। इसके बाद विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया।

प्रधानमंत्री ने एक घंटा 27 मिनट भाषण दिया। मोदी ने कहा कि ये कौन सी मोहब्बत की दुकान है, जो मोदी की कब्र खोदने की बात करते हैं। ये सार्वजनिक जीवन की मर्यादा का अपमान नहीं है।

पीएम बोले- टीएमसी, कांग्रेस, लेफ्ट, डीएमके दशकों से केंद्र में सत्ता का हिस्सा रहे। उनकी पहचान क्या बनी, उनके वक्त डील के नाम पर बोफोर्स याद आता है। आज डील की चर्चा गौरव से होती है।

पीएम ने कहा कि इनकी सरकार रिमोट से चलती थी। मेरी सरकार भी रिमोट से चलती है, लेकिन 140 करोड़ देशवासी मेरा रिमोट हैं। सत्ता हमारे लिए सुख नहीं सेवा का आसन है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा योजना लाखों करोड़ों का लोन दिया, स्वरोजगार को बल दिया। कांग्रेस ने कभी स्टार्टअप कल्चर को बल नहीं दिया।

#### पीएम ने कहा- बीएसएनएल को लेकर चुटकुले चलते थे, हमने स्वदेशी 4जी खड़ा किया

पीएम ने कहा कि बीएसएनएल को लेकर चुटकुले चलते थे, हमने आज स्वदेशी 4 जी खड़ा किया। कम्यूनिकेशन की नई टेक्नोलॉजी को हमने आगे बढ़ाया इसलिए दर्द जुबां पर आ रहा है। मोदी तेरी कब्र खुदेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि 4 करोड़ गरीबों को पक्के घर, बिजली पानी सिलेंडर दिए मुझे लगता है। भगवान ने मुझे सही दिशा में काम करने की प्रेरण दी है। गांव की महिलाएं कहती हैं मैं लखपति दीदी बन गई हूं, अब करोड़पति दीदी बनना चाहती हूं। पीएम ने कहा- जिस पर लाखों करोड़ों माताओं बहनों का रक्षा कवच हो, उसकी कब्र तुम कभी नहीं खोद पाओगे।

#### मोदी की स्पीच की 5 बड़ी बातें....

1. कांग्रेस के पीएम के पास सोच नहीं थी: लालकिले से दिए कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों के भाषण का एनालिसिस कर लीजिए। इससे पता चल जाएगा कि उनके पास कोई विजन नहीं था। हमारी काफी ताकत उनकी गलतियों को सुधारने में लग रही है। उस दौर में दुनिया के मन में हमारी जो इमेज बनी थी, उसे मिटाने में बहुत मेहनत लगती है।
2. देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है: आज देश नीति के आधार पर चल रहा है। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर चलते हुए हम आगे बढ़ चले हैं। सच्चाई यह है कि देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार होकर विश्व से प्रतिस्पर्धा करने को तैयार है। एमएसएमई का नेटवर्क जितना बढ़ा है, दुनिया का भरोसा भी बढ़ रहा है।
3. ईयू और अमेरिका से ट्रेड डील गर्व का विषय: आज भारत अनेक देशों के साथ ट्रेड डील कर रहा है। पिछले कुछ समय में हमने दुनिया के 9 बड़े और महत्वपूर्ण देशों के साथ ट्रेड डील साइन की हैं। एकसाथ 27 देशों के साथ डील की हैं। इसमें यूरोपियन यूनियन और अमेरिका से डील भी शामिल है। इनके (कांग्रेस) के समय डील बोफोर्स थी। आज डील गर्व का विषय है।
4. नेहरू ने शुरुआत कराई, उद्घाटन किया: कांग्रेस की इम्प्लीमेंट नीति की मिसाल देना चाहता हूं। गुजरात के लिए जब नर्मदा डैम की योजना बनाई गई, तब मैं पैदा भी नहीं हुआ था। सरदार पटेल के निधन के बाद नेहरूजी ने इसकी शुरुआत कराई। कमाल की बात है कि जब मैं प्रधानमंत्री बना, तब इसका उद्घाटन किया। मैंने सीएम रहते हुए इस डैम के लिए 3 दिन तक अनशन किया। किसानों के लिए मैंने अपने आपको दांव पर लगा दिया था।
5. आज एनपीए 1% से नीचे: 2014 से पहले नेता के फोन जाते थे और उनके आधार पर लोन देते थे। गरीब, बैंक के दरवाजे तक भी नहीं जा पातेथे। कांग्रेस राज में बैंकिंग सेक्टर तबाही के कगार पर था। मैं पीएम बना तो बैंकों को भरोसे में लिया। आज नॉन परफॉर्मिंग एसेट (एनपीए) 1% से भी नीचे है। बैंकों का प्रॉफिट रिकॉर्ड पर है।

## इंडिया-यूएस ट्रेड डील पर पीयूष गोयल का बड़ा बयान, बोले- 4-5 दिन में साइन होगा एग्रीमेंट



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार, भारत और अमेरिका 4-5 दिनों में एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर कर सकते हैं, जिसके बाद अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ घटाकर 18ल कर देगा। इस समझौते के पहले चरण के लिए अंतिम कानूनी दस्तावेज पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक तनाव कम होगा।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर संयुक्त बयान को अंतिम रूप देने और उस पर हस्ताक्षर करने की संभावना 4-5 दिनों में है। संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर होने के बाद, अमेरिका भारत पर टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत करने का कार्यकारी आदेश जारी करेगा। वर्तमान में, भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ और रूसी कच्चे तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगता है।

गोयल ने पत्रकारों को बताया कि समझौते के पहले चरण के लिए कानूनी समझौते पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि संयुक्त बयान के बाद एक विस्तृत कानूनी समझौता किया जाएगा। गोयल ने यह भी कहा कि इस समझौते में निवेश की कोई प्रतिबद्धता नहीं है।

## ऊर्जा सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता, वेनेजुएला समेत किसी भी नए विकल्पों के मूल्यांकन के लिए तैयार: भारत

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत ने कहा है कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता अपने 140 करोड़ लोगों की ऊर्जा सुरक्षा है। वह वेनेजुएला समेत किसी भी नए आपूर्ति विकल्प के वाणिज्यिक लाभों का मूल्यांकन करने के लिए तैयार है। भारत ने दोहराया कि वह ऊर्जा आपूर्ति में विविधता लाने का पक्षधर है।

#### भारत ऊर्जा आपूर्ति में विविधता लाने का पक्षधर

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में एक बार फिर ऊर्जा जरूरतों और लाभकारी मूल्यों को निर्णय का आधार बताया। उन्होंने दोहराया कि भारत आपूर्ति में विविधता लाने का पक्षधर है। भारत की इस टिप्पणी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि भारत रूसी तेल खरीदी बंद करने पर सहमत हो गया है।

#### सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना

जायसवाल ने भारत अमेरिकी समझौते से जुड़े कई प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रवक्ता ने राष्ट्रपति ट्रंप के दावे पर कहा, ऊर्जा आपूर्ति के संबंध में सरकार ने कई मौकों पर सार्वजनिक रूप से बयान दिया है। सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। भारत की रणनीति रही है कि अपने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बाजार स्थितियों और बदलते वैश्विक घटनाक्रम के अनुरूप ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाए।

## भारत-अमेरिका रिश्तों को नई गति, वॉशिंगटन पूरी तरह तैयार: सर्जियो गोर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 2 से 4 फरवरी तक अमेरिका के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी विदेश सचिव मार्को रुबियो और अमेरिकी वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट से मुलाकात कर द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा की।

**उच्च स्तर पर हो रही है भारत-अमेरिका बातचीत**-भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने गुरुवार को दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच हाल ही में हुई बातचीत का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन नई दिल्ली के साथ संबंधों को और आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने वॉशिंगटन में ईएएम एस. जयशंकर की अमेरिकी विदेश सचिव मार्को रुबियो और वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट के साथ हुई बैठकों की तस्वीरें साझा कीं। इसके साथ उन्होंने कहा, इस समय सबसे ऊंचे स्तर पर बातचीत हो रही है।

## रूस बोला-भारत किसी से भी तेल खरीदने के लिए आजाद

### इसमें कुछ भी गलत नहीं, भारत ने तेल खरीद रोकने की आधिकारिक जानकारी नहीं दी

बढ़ता राजस्थान

**मॉस्को।** रूस ने बुधवार को कहा कि भारत किसी भी देश से क्रूड ऑयल खरीदने के लिए पूरी तरह आजाद है। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस कभी भी भारत का एकमात्र एनर्जी पार्टनर नहीं रहा है। अगर भारत तेल की खरीद किसी और देश से करता है, तो इसे गलत नहीं माना जाना चाहिए। पेस्कोव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है, इस तरह की कोई भी ऑफिशियल जानकारी भारत की ओर से नहीं दी गई है। उन्होंने एक दिन पहले भी यही बात कही थी कि नई दिल्ली से ऐसा कोई मैसेज नहीं आया है।

ट्रम्प का दावा- भारत रूसी तेल खरीदना बंद करेगा-इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत, अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील के तहत रूस से तेल खरीद रोकने को तैयार हो गया है। उन्होंने कहा था कि अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौता हुआ है। इसके तहत भारतीय सामानों पर लगने वाला टैरिफ 50% से घटकर 18% हो गया है। उन्होंने दावा किया कि इसके बदले में भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और व्यापार से जुड़ी टैरिफ की रुकावटें भी कम करेगा। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बुधवार को रूस और भारत के बीच हाइड्रोकार्बन व्यापार जारी रखने की बात कही।

उन्होंने कहा भारत की रूसी हाइड्रोकार्बन की खरीद दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है। यह वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता बनाए रखने में मदद करती है।

### मुख्यमंत्री ने इंडिया स्टोनमार्ट का किया उद्घाटन

## राजस्थान के पत्थरों की विश्व में अनूठी पहचान- उद्योग अब नई ऊंचाइयां छूने को तैयार : सीएम




#### प्रधानमंत्री ने उद्योगों को दी नई दिशा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी और कुशल नेतृत्व में आज भारत वैश्विक विनिर्माण का केंद्र बनकर उभर रहा है। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' की महत्वाकांक्षी परिकल्पना ने उद्योगों को नई दिशा और नया विश्वास दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय ग्रेनाइट, संगमरमर और सैंडस्टोन दुनियाभर में प्रसिद्ध है। भारत पत्थर निर्यातक के साथ मूल्य संवर्धन और नवाचार का केंद्र भी बन रहा है। साथ ही, हमारी कंपनियां वैश्विक संस्थानों के रूप में तेजी से उभर रही हैं। यह हमारे उद्योग के लिए तेज गति से बढ़ने का सुनहरा अवसर है।

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान के पत्थरों की विशिष्टता की विश्व पटल पर अनूठी पहचान है। देशभर के अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों, किलों, महलों में राजस्थान का पत्थर उपयोग में लाया गया है। अब राजस्थान का पत्थर उद्योग नई ऊंचाइयां छूने के लिए पूरी तरह तैयार है तथा हम इस उद्योग को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी उद्यमियों से प्रदेश में मिलकर पत्थर उद्योग को देश में सिरमौर बनाने की अपील की। श्री शर्मा गुरुवार को जयपुर के जेईसीसी में आयोजित इंडिया स्टोन मार्ट के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सीडॉस, रीको और लघु उद्योग भारती को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इंडिया स्टोनमार्ट प्रदर्शनी नए राजस्थान के संकल्प का प्रतीक है। यह आयोजन भारतीय प्राकृतिक पत्थर उद्योग की शक्ति और सामर्थ्य को प्रदर्शित करने का एक वैश्विक मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस स्टोन मार्ट का पहली बार 26 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं में वेबसाइट निर्माण, डिजिटल मोबाइल एप्लीकेशन तथा विशाल क्षेत्र में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।



#### राजस्थान निवेश के लिए सबसे सुरक्षित और बेहतरीन जगह

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने पत्थर उद्योग सहित सभी प्रकार के उद्योगों के लिए निवेश-अनुकूल और नीति-स्थिर वातावरण तैयार करने का काम किया है। सिंगल विंडो सिस्टम, औद्योगिक बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण, लॉजिस्टिक्स में सुधार, प्रक्रियाओं का सरलीकरण जैसे नवाचारों से उद्यमी बिना परेशानी के यहां आसानी से स्वयं का उद्यम स्थापित कर सकता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अनेक नीतियां लागू कीं है जिससे निवेश करना आसान हुआ है और आर्थिक विकास, नवाचार एवं रोजगार सृजन के भी कई नए मार्ग खुले हैं। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान इनवेस्टमेंट समिट के तहत किए गए 35 लाख करोड़ के एमओयू में से 8 लाख करोड़ के कार्य शुरू हो चुके है।

#### श्रमिकों की सुरक्षा एवं सम्मान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विपुल खनिज संपदा है। यहां कुल 85 तरह के खनिज उपलब्ध है। मकराना का संगमरमर, किशनगढ़ का मार्बल सहित राजसमंद, जालौर, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा के पत्थर दुनियाभर में प्रसिद्ध है। राजस्थान के पास न केवल समृद्ध संसाधन हैं, बल्कि सदियों पुरानी शिल्पकला की परंपरा भी है। साथ ही, हमारे कारीगरों की कला विश्वविख्यात है। हमारे पत्थर को पर्यावरण के अनुकूल, टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति मिल रही है। उन्होंने कहा कि उद्योग की असली ताकत हमारे कुशल कारीगर और मेहनतकश श्रमिक हैं। उनके हाथों की कारीगरी ही साधारण पत्थर को अद्भुत कला में बदलती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के लिए श्रमिकों की सुरक्षा एवं सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही, श्रमिकों के लिए आधुनिक सुरक्षा उपकरण, कौशल प्रशिक्षण, बेहतर काम का माहौल और उचित मजदूरी सुनिश्चित की जा रही है।

# उदयपुर टैक्स बार एसोसिएशन के प्लेटिनम जुबली वर्ष में यूटीबीए टैक्स फ्रेटरनिटी टूर्नामेंट का आगाज

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** उदयपुर टैक्स बार एसोसिएशन के 75 वर्ष पूर्ण होने पर प्लेटिनम जुबली वर्ष में टैक्स बार द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित यूटीबीए टैक्स फ्रेटरनिटी क्रिकेट टूर्नामेंट, 2026 का आयोजन इस वर्ष भी भव्य स्तर पर किया जा रहा है। टूर्नामेंट का शुभारंभ 7 फरवरी 2026 से होगा, जबकि इसका भव्य फाइनल एवं समापन समारोह 15 फरवरी 2026 को नाथद्वारा स्थित मदन पालीवाल मिराज स्पोर्ट्स सेंटर क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा।

उदयपुर टेक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए गौतम सुखलेचा एवं स्पोर्ट्स कमेटी चेयरमैन सीए पंकज जैन ने जानकारी साझा करते हुए हुए बताया कि यह टूर्नामेंट पिछले 35 वर्षों से टेक्स बार,आयकर विभाग, वाणिज्य कर विभाग, एक्साइज विभाग एवं दूसरे टैक्स बार के साथ लगातार आयोजित किया जा रहा है और इसका उद्देश्य कर-प्रशासन से जुड़े विभागों एवं कर-पेशेवरों के बीच आपसी सौहार्द, सहयोग एवं भाईचारे को बढ़ावा देना है। अध्यक्ष गौतम सुखलेचा ने बताया कि यह टूर्नामेंट 20-20 ओवर के फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसमें आयकर विभाग,सीजीएसटी,जीएसटी एवं यूटीबीए की कुल चार टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट के तहत प्रत्येक टीम तीन लीग मैच खेलेगी। लीग चरण के बाद शीर्ष दो टीमें फाइनल मुकाबले में आमने-सामने होंगी, जबकि शेष दो टीमें तीसरे स्थान के लिए भिड़ेंगी। पंकज जैन ने बताया कि टूर्नामेंट के लीग मुकाबले 7, 8 एवं 14 फरवरी 2026 को गीतांजलि क्रिकेट ग्राउंड, जीएमसीएच, उदयपुर में खेले जाएंगे।

इसके पश्चात रविवार 15 फरवरी, 2026 को तीसरे स्थान का मुकाबला एवं 'फाइनल मैच नाथद्वारा के मदन पालीवाल मिराज स्पोर्ट्स' सेंटर क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा, जिसके बाद मिराज स्टेडियम में पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह होगा इसमें मुख्य अतिथि मिराज ग्रुप के प्रबन्ध निदेशक मदन पालीवाल साहब , आयकर विभाग,सीजीएसटी,एवं एसजीएसटी के मुख्य अधिकारी होंगे। सीए गौतम सुक्लेचा एवं सीए पंकज जैन ने बताया कि यह टूर्नामेंट न केवल खेल



भावना को प्रोत्साहित करता है, बल्कि कर-प्रशासन और कर-पेशेवरों के बीच सकारात्मक संवाद एवं आपसी समन्वय को भी सशक्त करता है। उन्होंने उदयपुर के खेल प्रेमियों से इस आयोजन में सहभागिता कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की।

## सादुलशहर के अमीरचंद सहारण को मिला सॉयल हैल्थ कार्ड

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जिले के गिरदावर सर्किल में आयोजित हो रहे ग्राम उत्थान शिविर आमजन के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। इन शिविरों में मौके पर आमजन की समस्याओं का समाधान होने के साथ उन्हें केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो रही है। साथ ही उन्हें केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का मौके पर ही लाभ मिल रहा है। राहत मिलने पर लाभार्थियों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री और राजस्थान सरकार का आभार जताया जा रहा है। श्रीगंगानगर जिले के गिरदावर सर्किल सादुलशहर में गुरूवार को ग्राम उत्थान शिविर आयोजित हुआ। आयोजित शिविर में श्री अमीरचंद सहारण निवासी सादुलशहर ने पहुंचकर विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि पूर्व में रासायनिक खाद का अत्यधिक उपयोग करने से उनकी कृषि लागत बढ़ रही थी और आय कम हो रही थी। कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने पर उन्होंने मिट्टी परीक्षण करवाने की सलाह दी। प्रयोगशाला में अपने खेत की मिट्टी का परीक्षण करवाने के पश्चात विभागीय अधिकारियों की सलाह के अनुसार खाद का उपयोग किया। इससे न केवल कृषि उत्पादन बढ़ा बल्कि लागत भी कम हुई। शिविर के दौरान श्री सहारण को विभाग की ओर से सॉयल हैल्थ कार्ड सौंपा गया। इस पर लाभार्थी द्वारा राजस्थान सरकार और माननीय मुख्यमन्त्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

## रेवदर न्यायालय में कर सकेंगे ऑनलाइन पेशी

**वीसी रिमोट प्वाइंट शुरू किया**



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** रेवदर न्यायालय में भी अब ऑनलाइन पेशी की सुविधा मिल सकेगी। गुरुवार को वीसी रिमोट प्वाइंट का जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्रीमती रूपा गुप्ता ने फीता काट कर उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि जिले के रेवदर तालुका पर राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्देश पर वीसी रिमोट प्वाइंट की स्थापना की गई है। इस सेवा के शुरू होने से अन्य न्यायालयों में लंबित प्रकरणों से संबंधित सरकारी व निजी अधिकारी, पक्षकार, गवाह आदि को देश के किसी भी कोने के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं होना पड़ेगा। इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सोनल शर्मा, रेवदर बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह देवड़ा, अभियोजन अधिकारी चन्दनसिंह राव, एडवोकेट उदयसिंह, सुरेश मेनन, नगेन्द्र मेड़तिया, राजेन्द्रसिंह देवड़ा, महेन्द्रसिंह, दिनेश गर्ग, प्रवीणदान चारण, उमाराम देवासी समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## वाहनों की नीलामी ने रिजर्व राशि से ज्यादा दिलाए 40 लाख रुपए

**आबकारी विभाग ने नीलामी में रखे 31 वाहन, 27 पर लगी बोली**



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** आबकारी विभाग की ओर से वाहनों की नीलामी की गई, जिससे विभाग ने आरक्षित राशि से 40 लाख रुपए ज्यादा राजस्व अर्जित किया। नीलामी में कुल 31 वाहन रखे गए थे, लेकिन 27 वाहनों पर ही बोलियां लग पाई। चार वाहनों पर किसी ने भी दिलचस्पी नहीं ली। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 के तहत राजसात किए गए वाहनों की नीलामी की गई। कुल 31 में से 27 वाहनों की आरक्षित राशि 74 लाख 38 हजार रुपए निर्धारित थी। इनकी नीलामी से विभाग को एक करोड 14 लाख 54 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। इनमें से सोलह भारी वाहनों से एक करोड़ दो लाख पच्चीस हजार, अन्य हल्के वाहनों से 12 लाख 29 हजार रुपए राजस्व मिला। इस दौरान अतिरिक्त आबकारी आयुक्त श्रीमती सीमा कविया, सहायक लेखाधिकारी मनीष पालीवाल, केके चौहान, श्रीमती अनुराधा, परिवहन निरीक्षक मनीष खत्री समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## पंजाब के राज्यपाल का गर्मजोशी से किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के सिरोही आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। यहां सर्किट हाउस में अल्प विश्राम के बाद वे रेवदर के समीप निम्बज गांव पहुंचे तथा एक निजी कार्यक्रम में शिरकत की। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रोहित खत्री ने बताया कि राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया का सिरोही सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं ने साफा पहनाकर व तलवार भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद वे निम्बज के लिए रवाना हुए। जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, महामंत्री गणपतसिंह राठौड़, भूपेंद्र देवासी, कानाराम चौधरी, चिराग रावल, महिपाल चारण, गोपाल माली, कैलाश मेघवाल, प्रवीण राठौड़, राजेंद्रसिंह चौहान, अनिल प्रजापत, रमजान खान समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सिविल न्यायालय के नए भवन की भूमि का निरीक्षण, अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रस्तावित सिविल न्यायालय पावटा के नव निर्माण भवन की भूमि का निरीक्षण गुरूवार को न्यायाधिपति डॉ. अजय बिश्नोई ने किया। निरीक्षण के दौरान पावटा बार एसोशियशन अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास यादव की टीम सदस्यों की उपस्थिति में पावटा तहसीलदार लोकेंद्र मीणा और सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए कि न्यायालय की भूमि पर जहां-जहां अतिक्रमण या किसी प्रकार का निर्माण है, उसे दो दिवस के भीतर हटाया जाए। न्यायाधिपति ने निर्देशित किया कि अतिक्रमणकर्ताओं को तुरंत नोटिस जारी कर भूमि का समतलीकरण कराया जाए, ताकि विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शुभ मुहूर्त में भवन निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सके। उन्होंने इस कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतने के निर्देश दिए। अभिभाषक संघ पावटा के अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास यादव ने बताया कि फरवरी माह में ही उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति के मुख्य आतिथ्य में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सिविल न्यायालय भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण हटाने को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, उपवन सैनी, धर्मपाल यादव, हजारी लाल यादव, दिलीप सिंह शेखावत, लोकेश शर्मा, दिनेश दायमा, दीपक गोयल, मुकेश स्वामी, नरेश



यादव, सुरेंद्र सिंह शेखावत, सचिव मुकेश यादव, कोषाध्यक्ष अनिल यादव सहित अन्य अधिवक्ता शामिल थे।

## हिंदुस्तान जिंक और ममता संस्था ने विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता सत्रों का किया आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के सीएसआर विभाग के सहयोग से ममता एचआईएमसी द्वारा संचालित मोबाइल हेल्थ वैन प्रोजेक्ट के तहत राजस्थान एवं उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कैंसर जागरूकता और स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया गया। यह अभियान मुख्य रूप से पांच प्रमुख स्थानों उदयपुर के जावर, राजसमंद के दरीबा, चित्तौड़गढ के चंदेरिया, भीलवाड़ा के आगुचा एवं उत्तराखंड के पंतनगर ऊधम सिंह नगर में आयोजित किये।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, बीमारी के शुरुआती लक्षणों की पहचान करना और समय पर इलाज के महत्व को समझाना था। विशेष रूप से महिलाओं और तंबाकू का सेवन करने वाले लोगों को मुंह, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर के खतरों के प्रति जागरूक किया गया।

जागरूकता अभियान के दौरान इंटरएक्टिव सत्रों में मोबाइल हेल्थ वैन के डॉक्टरों और नर्सों ने स्थानीय भाषा में लोगों को कैंसर के कारणों और बचाव के तरीकों के बारे में बताया। मौके पर ही लोगों की मौखिक, बीएमआई और ब्लड प्रेशर की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। जिन व्यक्तियों में कैंसर के लक्षण या जोखिम कारक पाए गए, उन्हें आगे के इलाज और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान समाज में कैंसर से जुड़ी गलत धारणाओं और डर को भ्रातियों की जानकारी से दूर करने का प्रयास किया। इन सत्रों के माध्यम से सैकड़ों ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। लोगों ने न केवल कैंसर स्क्रीनिंग के महत्व को समझा, बल्कि तंबाकू छोड़ने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का भी संकल्प लिया।

## साइकिल पर कबाड़ बेचने वाले के बेटे ने पहनी देश की वर्दी, मानकसर में हुआ भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** कहते हैं कि यदि हौसलों में उड़ान हो, तो गरीबी और अभाव कभी तरक्की की राह में रोड़ा नहीं बन सकते। इसका जीता-जागता उदाहरण पेश किया है सूरतगढ़ क्षेत्र के गांव मानकसर के युवा गजेंद्र सिंह डागला ने।

गजेंद्र के पिता अमर सिंह नायक, जो आज भी गांव-गांव साइकिल पर बर्तन और कबाड़ बेचकर जीवन यापन करते हैं, उनके बेटे ने सीमा सुरक्षा बल में चयनित होकर अपने माता-पिता और नायक समाज का सिर फख्र से ऊंचा कर दिया है। अमर सिंह नायक लंबे समय से नायक समाज सूरतगढ़ टीम से जुड़े हैं। उन्होंने कड़ी धूप और संघर्ष के बीच साइकिल पर फेरी लगाकर पाई-पाई जोड़ी ताकि अपने बेटे गजेंद्र को पढ़ा-लिखा सकें। पिता के इसी पसीने की कीमत को समझते हुए गजेंद्र ने दिन-रात मेहनत की और बीएसएफ में भर्ती होकर भारतीय सेना का हिस्सा बने।



**वर्दी में देख भावुक हुए परिजन, बेटे ने पिता को पहनाई फौजी कैप**

प्रशिक्षण के बाद पहली बार वर्दी पहनकर घर लौटने पर ग्रामीणों और परिजनों ने गजेंद्र का पलक-पांवड़े बिछाकर स्वागत किया। गांव की गलियों में डीजे की धुन और ढोल-नगाड़ों के साथ विजय जुलूस निकाला गया। इस दौरान सबसे भावुक कर देने वाला पल तब आया, जब बेटे गजेंद्र ने अपने माता-पिता के चरणों में सिर झुकाया और अपनी फौजी कैप पिता को पहनाकर उन्हें %आर्मी सैल्यूट% किया। बेटे की सफलता देख पिता अमर सिंह की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े।

## देहरादून में आयोजित नेशनल पेंसेक सिलाट प्रतियोगिता में उदयपुर के भावीन अनेजा ने जीता कांस्य पदक

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** देहरादून (उत्तराखंड) में दिनांक 28 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित तीसरी ऑल इंडिया नेशनल पेंसेक सिलाट चैंपियनशिप 2026 में उदयपुर के खिलाड़ी भावीन अनेजा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर केटेगरी के अन्डर 83 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मेडल) अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर उदयपुर पेंसेक सिलाट एसोसिएशन के सचिव हरीश कुमार सांवरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि




भावीन अनेजा की यह सफलता उनके निरंतर अभ्यास, अनुशासन और मेहनत का परिणाम है। उन्होंने भावीन को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल खिलाड़ी के लिए बल्कि उदयपुर और पूरे राजस्थान के लिए गर्व का विषय है।

एसोसिएशन की ओर से भावीन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई और आशा जताई गई कि वे आगे भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

## पशुपति नाथ गौशाला गौ माता को खिलाई हरी घास

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** गुरु कमल चंद्रोशन गोसेवा ट्रस्ट व विद्यार्थी कल्याण संस्थान के तहत आज मकर संक्रांति महोत्सव के तहत प्रत्येक गौशाला में दी जाने वाली हरी घास की गाड़ी में पशुपति नाथ गौशाला में गौ माता को रचका खिलाया गया। इस कार्यक्रम में समाजसेवी हेमन्त वैष्णव, अनीता वैष्णव, स्वीटी जैन व अखिल भारतीय दिवाकर विचार मंच उदयपुर की पूरी टीम ने बढ़ चढ़कर गौ माता की सेवा की इस पूरे कार्यक्रम का निर्देशन गुरु कमल चंद्रोशन गौ सेवा के अध्यक्ष मुकेश जैन ने किया।

## एक दिन में डेढ़ हजार इंजेक्शन लगा प्रदेश में प्रथम रहा सिरोही

**पांच जिलों के लिए मास ड्राइव, सिरोही ने कायम की मिसाल**

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** गर्भावस्था में एनीमिया मुक्ति के लिए आयोजित मास ड्राइव में सिरोही जिला राज्य में प्रथम स्थान पर रहा। इसके तहत पांच जिलों का चयन किया गया था, जिसमें गर्भवती को एफसीएम इंजेक्शन लगाने थे, ताकि एनीमिया की समस्या से जूझ रही महिलाओं को लाभ मिल सके। कार्यक्रम के तहत सिरोही जिले ने एक ही दिन में लगभग डेढ़ हजार इंजेक्शन लगाकर मिसाल कायम की। अधिकारी बताते हैं कि यह राज्य में एनीमिया मुक्त गर्भावस्था की दिशा में मजबूत कदम है।

**करौली दो सौ तक भी नहीं पहुंचा**

सीएमएचओ डॉ.दिनेश खराड़ी ने बताया कि आरसीएचओ डॉ.रितेश सांखला व उनकी टीम ने एक ही दिन में 1466 गर्भवती को एफसीएम इंजेक्शन लगाकर राज्य में पहला स्थान हासिल किया। वहीं, अजमेर जिले में 664, झालावाड़ में 453, जालोर में 299 व करौली जिले में महज 194 गर्भवती को ही एफसीएम इंजेक्शन लग पाए।

**रक्त की कमी में सुधार मिलता है**

अधिकारी बताते हैं कि रक्त की कमी से पीड़ित गर्भवती जिनका हीमोग्लोबिन 5.6 से 9.9 ग्राम के बीच में है उनको लगाया जाता है। एफसीएम का एक इंजेक्शन लगने के बाद लगभग एक महीने में महिला के शरीर में खून की मात्रा 2 से 3 ग्राम तक बढ़ जाती है, जिससे गर्भवती की कमजोरी, चक्कर आना व थकान जैसी समस्याओं में स्पष्ट सुधार मिलता है।

**कुल चार लाख महिलाओं का लक्ष्य**

प्रदेश में चार लाख गर्भवती तक यह सुविधा पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, अभी तक एक लाख 28,865 एफसीएम इंजेक्शन लगाए जा चुके हैं। सिरोही जिले में कुल 9890 गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को एफसीएम इंजेक्शन लगाया जाना है, जिसमें से 6082 महिलाओं को यह लगाया जा चुका है।

## बाल विवाह रोकथाम : जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)। अनूपगढ़ 'समाज जागे, बाल विवाह त्यागे' बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बाल अधिकारिता विभाग द्वारा को डूडी पेट्रोल पंप के पास स्थित कान गणेश मंदिर में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाल अधिकारिता विभाग के अधीक्षक रामनारायण बिश्नोई ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान टीम द्वारा मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों को बाल विवाह के दुष्प्रभाव एवं इस सामाजिक




बुराई को जड़ से खत्म करने का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास में भी बाधक है। मंदिर के पुजारी श्याम गहलोत व मीना ने मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को बाल विवाह रोकने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया तथा शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में प्रवेश आचार्य, सरिता राठौड़, लक्ष्मी नारायण एवं दर्शनार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अन्त में टीम द्वारा शपथ पत्र भरवाये गये तथा आमजन के अपील की गई कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने में प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी बाल विवाह की सूचना संबंधित विभाग या चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 पर तुरंत दें।

## कलक्टर ने शिविरों का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने गुरुवार को कालंद्री में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर का अवलोकन किया।

उन्होंने एक-एक टेबल पर जाकर अवलोकन किया तथा अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। लोगों से संवाद कर समस्याएं सुनी। इस दौरान आपसी बंटवारानामा के आदेशों की प्रतियां संबंधित काश्तकारों को सौंपी। मोदाराम का पेंशन सत्यापन मौके पर ही करवाया।

ग्लोबल विजयवर्गीय प्रीमियर लीग - सीजन 9

## टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप का अंतिम दौर 7 व 8 फरवरी को

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** ग्लोबल विजयवर्गीय प्रीमियर लीग (बीपीएल) सीजन 9 की टीॉ20 क्रिकेट चैंपियनशिप अपने रोमांचक अंतिम दौर में प्रवेश कर चुकी है। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबलों के साथ बीपीएल सीजन 9 का भव्य समापन शनिवार दिनांक 7 फरवरी 2026 एवं रविवार दिनांक 8 फरवरी 2026 को किया जाएगा। शनिवार, 7 फरवरी 2026 को करोल क्रिकेट ग्राउंड, जगतपुरा (जयपुर) में दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। प्रथम सेमीफाइनल मुकाबला प्रात: 10.00 बजे वॉल सिटी 11 एवं जोहरी किंग्स के बीच खेला जाएगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला मध्यान 1.00 बजे राइजिंग स्टार एवं मेवाड़ रॉयल्स के मध्य आयोजित होगा। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार, 8 फरवरी 2026 को प्रात: 11.00 बजे दोनों सेमीफाइनल की विजेता टीमों के बीच खेला जाएगा। इस फाइनल मुकाबले के साथ ही बीपीएल सीजन 9 का औपचारिक समापन किया जाएगा। फाइनल मैच के उपरांत समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। साथ ही श्री रामचरण जी महाराज की जयंती के पावन अवसर पर सभी उपस्थित खिलाड़ियों, अतिथियों एवं दर्शकों के लिए भोजन प्रसादी की विशेष व्यवस्था भी रहेगी। आयोजकों ने खेल प्रेमियों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## 3 महीने कोमा में रहे शिक्षक का ट्रांसफर रद्द, कोर्ट ने दिखाई संवेदना: एडवोकेट कुलदीप असवाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान सिविल सेवा अपील ट्रिब्यूनल ने एक अहम फैसले में ट्रांसफर आदेश पर स्टे लगा दिया है। ट्रिब्यूनल ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए लेक्चरर पद पर कार्यरत अपीलार्थी को उसी स्कूल में बनाए रखने के आदेश दिए हैं, जहां वह पहले से कार्यरत था। बताया जा रहा है कि अपीलार्थी की तबीयत बेहद गंभीर रही है और वह करीब 3 महीने तक कोमा में रहा। इसके बाद भी उसका स्थानांतरण आदेश जारी कर दिया गया था, जिसे लेकर उसने ट्रिब्यूनल में अपील दायर की थी। मामले की सुनवाई के दौरान ट्रिब्यूनल के माननीय अध्यक्ष एवं न्यायिक सदस्य ने अपीलार्थी की स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए सहानुभूतिपूर्ण रुख अपनाया और ट्रांसफर आदेश पर रोक लगाते हुए उसे राहत प्रदान की। ट्रिब्यूनल के इस आदेश को कर्मचारियों के लिए एक बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि यह फैसला बताता है कि गंभीर बीमारी और मानवीय परिस्थितियों में प्रशासनिक निर्णयों पर न्यायिक हस्तक्षेप संभव है।

## दैनिक बढ़ता राजस्थान के पत्रकार बाबू अंसारी बने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के राजस्थान मीडिया प्रभारी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन ने वरिष्ठ पत्रकार बाबू अंसारी को राजस्थान मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह (अलवर) द्वारा की गई। ड्डॉ. नीरज सिंह ने नियुक्ति की घोषणा करते हुए कहा कि बाबू अंसारी का पत्रकारिता और सामाजिक क्षेत्र में लंबा अनुभव संगठन के उद्देश्यों को मजबूती देगा और मानवाधिकारों से जुड़े कार्यों को नई दिशा मिलेगी। नव नियुक्त मीडिया प्रभारी बाबू अंसारी ने संगठन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सक्रियता के साथ जिम्मेदारी निभाएंगे तथा संगठन की आवाज को प्रदेशभर में मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए वे लगातार प्रयासरत रहेंगे और मानवाधिकार व सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देंगे।

## हथौड़े से वार कर गरीब परिवार से लूटपाट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुहाना थाना इलाके में मुहाना मोड़ के समीप अज्ञात बदमाशों ने गहरी नींद में सो रहे गरीब परिवार पर हथौड़े से वार कर तीन जनों को गंभीर रुप से घायल कर दिया। जिसके बाद अज्ञात बदमाशों ने महिला के गले व कानों में पहने सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए और मौके से फरार हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायल हो नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए भिजवाया। जहां से चिकित्सकों ने तीनों को जयपुर ट्रॉमा सेंटर रैफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि मुहाना मोड़ के समीप कच्चे मकानों में लुहारों के करीब 10 -15 परिवार रहते है। बुधवार देर रात अज्ञात बदमाश ने गहरी नींद में सोते हुए सोमजी (55) उसकी पत्नी संतोष (50) व उसकी बेटी के सिर पर हथौड़े से जान लेवा हमला कर दिया और महिला के गले ,हाथ व कानों में पहने सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। चीख-पुकार की आवाज सुन आसपास में रहने वाले परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंचे और लहूलुहान हालत में उन्हे नजदीकी अस्पताल भिजवाया। जहां से उनकी हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हे ट्रॉमो सेंटर के लिए रैफर कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के इलाकों में बदमाशों की तलाश भी की। लेकिन पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ जानलेवा हमला व लूट का मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी तलाश शुरु कर दी है।

# चिंतपूर्णी में बाल-बाल बचे श्रद्धालु:जयपुर से आ रही बस चढ़ाई पर अनियंत्रित, कार-ट्रेवलर से टकराकर दीवार से भिड़ी

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** हिमाचल प्रदेश के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल ऊना के चिंतपूर्णी के तलवाड़ा बाईपास पर गुरुवार को एक बड़ा सडक़ हादसा होते-होते टल गया। राजस्थान के जयपुर से आए श्रद्धालुओं से भरी एक निजी बस चढ़ाई चढ़ते समय अचानक अनियंत्रित होकर पीछे की ओर चलने लगी। इस अचानक हुए घटनाक्रम से मौके पर चीख-पुकार मच गई, लेकिन गनीमत यह रही कि इस हादसे में बस में सवार किसी भी श्रद्धालु को चोट नहीं आई और एक बड़ी त्रासदी होने से बच गई।

जानकारी के अनुसार, बस जब तलवाड़ा बाईपास की खड़ी चढ़ाई चढ़ रही थी, तो उसका एयर प्रेशर कम हो गया। इसके कारण चालक का वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा। पीछे की तरफ लुढक़ते हुए बस सबसे पहले वहां खड़ी एक स्विफ्ट कार से टकराई और उसके बाद पास की दुकानों की दीवार से जा भिड़ी। इसके बाद ही बस रुक सकी। इससे सडक़ के किनारे गहरी खाई में गिरने से बच गई। इस हादसे स्विफ्ट कार और एक टेंपो ट्रैवलर को काफी नुकसान पहुँचा है। लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई। यदि बस दीवार से टकराकर रुकी न होती तो सीधे खाई में जाती। इससे एक बड़ा हादसा हो सकता है। घटना की सूचना मिलते ही चिंतपूर्णी पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुँची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने सबसे पहले बस में सवार श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाला और सडक़ के बीचों-बीच फंसी बस के कारण बाधित हुए यातायात को सुचारू करवाया। हादसे के बाद बाईपास पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई थी, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया।

### प्रेशर कम होने से हुआ हादसा

पुलिस ने बस चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने बताया कि चढ़ाई पर बस का प्रेशर न बन पाने की वजह से ब्रेक ने काम करना बंद कर दिया था। चिंतपूर्णी पुलिस ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है और वाहनों के तकनीकी पहलुओं की भी जांच की जा रही है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि पहाड़ी रास्तों पर चलते समय वाहनों की मैकेनिकल जांच सुनिश्चित करें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, वृक्षारोपण व साईबर सुरक्षा पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा (नि.स.) ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) भंवर लाल बुगालिया के निर्देशन में अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्र. सं. 1 ) अरविन्द कुमार जांगिड़, सांभर लेक के निर्देशानुसार सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, जयश्री लमोरिया, सांभर लेक द्वारा बुधवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सांभर लेक में पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, वृक्षारोपण अभियान व साईबर सुरक्षा पर विधिक जानकारी दी । पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई तथा पर्यावरण संरक्षण पर न्यायाधीश ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बना रहे इसलिए प्रत्येक विधार्थी को अपने घर के आस-पास पौधे लगाने चाहिए पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। रमेश नायक, अतिरिक्त उप निरीक्षक, सांभर थाना ने साईबर क्राइम से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि ऐसा अपराध जो इंटरनेट, कम्प्यूटर नेटवर्क या अन्य डिजिटल माध्यमों से किए जाते हो साईबर अपराध की श्रेणी में आते है जैसे हैंकिग, फिशिंग, आनलाईन धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग, आईडेंटिटी थेफ्ट इस तरह के अपराधों से बचने के उपायों-सावधानियों पर विस्तृत चर्चा की गई। लिगल एड असिस्टेंट चान्दमल सांभरिया ने इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हैल्प लाईन 15100, साईबर हैल्प लाईन 1930 एवं गरिमा हैल्प लाईन 1090 से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विधालय प्रधानाचार्य वन्दना जैन, विधालय स्टाफ विनोद दुलारीया, अनिल महेश्वरी, प्रेम प्रकाश, स्वाती यादव, लवीका छीपा, सुनीता मीणा, गीता जाखड़, शैला चौहान आदि उपस्थित रहे।

## घर में चोरी करने वाली शातिर महिला गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी की रामगंज थाना पुलिस ने चोरी की एक वारदात का खुलासा करते हुए एक शातिर महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से चोरी किए गए सोने और चांदी के कीमती जेवरात भी बरामद कर लिए हैं। फिलहाल आरोपी महिला से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि रामगंज थाना पुलिस ने चोरी की एक वारदात का खुलासा करते हुए एक शातिर महिला खुशनाज बानो उर्फ कोमन निवासी रामगंज को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 18 ग्राम सोने की आड़,3 जोड़ी चांदी की पायजेब (वजन 445 ग्राम) 4 चांदी की बिछिया बरामद की है। पुलिस अब आरोपी महिला से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

## 11वीं मंजिल से लकड़ी का बंडल गिरने से नीचे दबने से मजदूर की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** रामनगरिया थाना इलाके में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में मजदूरी करते वक्त 11वीं मंजिल से लकड़ी का बंडल नीचे आ गिरा और उसके नीचे दबने से एक मजदूर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि निर्माणाधीन बिल्डिग़ में क्रेन की सहायता से ग्राउड फ्लोर से 11वीं मंजिल पर लकड़ी का बंडल चढ़ाया जा रहा था। इसी दौरान क्रेन से लकड़ी का बंडल नीचे आ गिरा और 19 वर्षीय मजदूर उसके नीचे दब गया। हादसे के बाद घटना स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। मजदूरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की सहायता से लकड़ी के बंडल को साइड में करवा शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जेएनयू हॉस्पिटल भिजवाया। जहां से मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। एसआई गिरवर सिंह ने बताया कि बुधवार को बुधवार को गोनेर रोड पर एक निर्माणाधीन बिल्डिग़ का कार्य चल रहा था। जिसमें मूलता बिहार के कटिहार निवासी मानिक कुमार (19) पुत्र सोनू कुमार मजदूर ग्राउंड फ्लोर पर मजदूरी कर रहा था।

क्रेन की सहायता से एक भारी लकड़ी के बंडल को 11वीं मंजिल पर चढ़ाया जा रहा था। तभी अचानक से सेफ्टी बेल्ट खुलने के कारण लकड़ी का बंडल 11वीं मंजिल से नीचे आ गिरा और मानिक उसके नीचे दब गया उसकी दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक मानिक 8 महीने पहले ही अपने गांव से मजदूरी करने के लिए जयपुर आया था और वो अपने माता-पिता और बहन के साथ ही घटना स्थल से महज 50 मीटर दूर टीन शेड वाले कमरे में रहता था। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## महात्मा गांधी स्वदेश फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने विवेक बंसल से की शिष्टाचार भेंट

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** महात्मा गांधी स्वदेश फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट शकील अहमद ने राजस्थान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रभारी एवं फाउंडेशन के संरक्षक विवेक बंसल से जयपुर आगमन पर शिष्टाचार मुलाकात की। भेंट के दौरान शकील अहमद ने फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक, शैक्षिक एवं विधिक जागरूकता से जुड़े कार्यों की जानकारी दी। साथ ही संगठन के आगामी कार्यक्रमों, युवा अधिवक्ताओं के उत्थान, गांधीवादी मूल्यों के प्रचार-प्रसार तथा सामाजिक न्याय से संबंधित भावी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर महात्मा गांधी स्वदेश फाउंडेशन के वरिष्ठ पदाधिकारी एडवोकेट मनोज अजमेरा भी उपस्थित रहे। विवेक बंसल ने फाउंडेशन की गतिविधियों की सराहना करते हुए संगठन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने महात्मा गांधी के आदर्शों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संयुक्त प्रयासों पर बल दिया।

## चलती एक्सयूवी में अचानक से लगी आग:पति-पत्नी ने कूदकर बचाई जान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** चलती एक्सयूवी कार में अचाकन से आग लग गई। जिसके बाद मुख्य मार्ग पर हडक़ंप मंच गया। कार के बोनट से धुंआ निकलता देख चालक ने बड़ी ही सूझबुझ से कार को सडक़ किनारे रोकी और पति-पत्नी ने बाहर कूद कर अपनी जान बचाई। दम्पति की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की दो गाडिय़ों ने तुरंत मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। लेकिन इससे पहले ही महज 10 मिनट में आग कार में पूरी तरह फैल गई और जलकर कबाड़ में तब्दील हो गई। थानाधिकारी पूनम चौधरी ने बताया कि बुधवार देर रात दुर्गापुरा पुलिया के समीप होप हॉस्पिटल के पास चलती हुई एक्सयूवी कार में अचानक से आग लग गई।

## जगदीश प्रसाद कुमावत बने प्रदेश मुख्य सलाहकार



बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)** । विराज फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने सामाजिक सेवाओं एवं समर्पण को देखते हुए धोली मंडी, चौमू निवासी जगदीश प्रसाद कुमावत को प्रदेश मुख्य सलाहकार के पद पर नियुक्त किया। इस अवसर पर उन्हें नियुक्ति पत्र भेंट किया गया। नियुक्ति के पश्चात जगदीश प्रसाद कुमावत ने कहा कि वे संगठन को मजबूत करने तथा उसे निरंतर आगे बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी दिनेश कुमार कुमावत, शिक्षा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार सोलंकी, चौमू नगर अध्यक्ष डॉ. सीताराम कुमावत सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की स्वर्ण जयंती समारोह का आगाज

# शल्य चिकित्सा पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 'शल्यकोन' का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर द्वारा अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर की तीन दिवसीय शल्य तंत्र (शल्यकोन) कार्यशाला का शुभारंभ आज गुरुवार, 5 फरवरी 2026 से किया गया। संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वर्ण जयंती समारोह के इस ऐतिहासिक अवसर पर 9 फरवरी 2026 (सोमवार) को माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा जी तथा माननीय केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सरकार श्री प्रताप राव जाधव जी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे। इस अवसर पर राज्य के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं अन्य विशिष्ट अतिथिगण भी उपस्थित रहेंगे। समारोह के दौरान आमजन के स्वास्थ्य हित में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा विकसित विभिन्न आयुर्वेदिक नवाचारों का शुभारंभ किया जाएगा। स्वर्ण जयंती समारोह के अंतर्गत 5 से 7 फरवरी 2026 तक राष्ट्रीय कार्यशाला 'शल्यकोन' का आयोजन नेशनल सुश्रुत एसोसिएशन के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस कार्यशाला में देशभर से आए आयुर्वेद शल्य चिकित्सकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रोफसर के.के. ठकराल, कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा, प्रोफेसर प्रसन्ना एन रॉव, डॉ मुकुल पटेल, प्रोफेसर अजय कुमार गुप्ता, शल्य तंत्र विभागाध्यक्ष प्रो. पी. हेमंता, संयुक्त निदेशक जेपी शर्मा ने किया। नेशनल सुश्रुत एसोसिएशन के महासचिव एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के शल्य तंत्र विभागाध्यक्ष प्रो. पी. हेमंता ने बताया कि कार्यशाला में मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रोफसर के.के. ठकराल एवं पद्मश्री वैद्य मनोरंजन साहू द्वारा पाइल्स, फिस्टुला सहित अन्य आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सा पद्धतियों पर विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की जा रही है। कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से 100 से अधिक आयुर्वेद शल्य विशेषज्ञ सहभागिता कर रहे हैं। इसके साथ ही आयुर्वेद एवं शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में कार्यरत देश की विभिन्न कंपनियों द्वारा स्टॉल प्रदर्शनी भी लगाई गई है। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आयुर्वेद शल्य चिकित्सकों को वर्तमान समय की बीमारियों के अनुरूप रोग निदान, उपचार एवं आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्रदान कर उनकी व्यावहारिक दक्षता को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान का स्वर्ण जयंती समारोह आयुर्वेद के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान एवं जनस्वास्थ्य को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

## सम्पादकीय

# संसदीय मर्यादा की अनदेखी



यह अच्छा नहीं हुआ कि विपक्ष के हंगामे के कारण प्रधानमंत्री लोकसभा में दूसरे दिन भी राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब नहीं दे सके और उसे उनके संबोधन के बिना ही पारित करना पड़ा। ऐसा कम ही होता है कि प्रधानमंत्री लोकसभा में अपनी बात न कह सकें और वह भी राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर।

यह एक परंपरा रही है कि धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब आमतौर पर प्रधानमंत्री ही देते हैं। इसकी अपेक्षा भी की जाती है और प्रतीक्षा भी। दशकों बाद यह परंपरा टूटी। जब भी संसद की स्थापित परंपराएं टूटती हैं, तब संसद की गरिमा गिरने के साथ राजनीतिक कटुता तो बढ़ती ही है, लोकतंत्र के प्रति जनता की आस्था भी डिगती है। लोकसभा स्पीकर ने जिस तरह यह कहा कि उन्होंने अनहोनी की आशंका के चलते प्रधानमंत्री को सदन में आने से रोका था, क्योंकि विपक्षी सांसदों के व्यवहार के चलते कोई अप्रत्याशित घटना घट सकती थी, वह बहुत ही गंभीर है। क्या इससे बड़ी विडंबना और कोई हो सकती है कि विपक्ष के आक्रामक रवैये के कारण प्रधानमंत्री लोकसभा में बोल ही न सकें? इसकी भी अनदेखी न की जाए कि राज्यसभा में भी प्रधानमंत्री की ओर से जब राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दिया जा रहा था तो विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया और अंततः सदन से बाहर निकल गए। आखिर इससे क्या हासिल हुआ? संसद के बजट सत्र के शुरुआती चरण में संसद के दोनों सदनों और उसके परिसर में जैसे दृश्य देखने को मिले हैं, वे संसदीय मर्यादाओं का उपहास उड़ाने वाले हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक अप्रकाशित पुस्तक के कथित अंश के जरिये चीन के मामले में प्रधानमंत्री पर आक्षेप लगाने और उन्हें कमजोर शासक साबित करने की चेष्टा की। पता नहीं क्यों वे यह भूल गए कि इसके जवाब में उन्हें प्रकाशित पुस्तकों के माध्यम से अप्रिय बातें सुनने को मिल सकती हैं और उनके साथ-साथ उनके दल को भी असहज होना पड़ सकता है। बीते दिनों संसद परिसर में भी ऐसा कुछ हुआ, जो नहीं होना चाहिए था। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू से सामना होते ही राहुल गांधी ने उन्हें न केवल गद्दार दोस्त कहा, बल्कि यह कटाक्ष भी किया कि उन्हें कांग्रेस की ही शरण में आना होगा। क्या राहुल कांग्रेस से दूसरे दलों में गए सभी नेताओं को भी इसी नजर से देखते हैं? प्रश्न यह भी है कि दूसरे दलों से जो नेता कांग्रेस में आए हैं।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 06 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1715 - स्पेन और पुर्तग़ाल के बीच युद्ध समाप्त हुआ।
- 1716 - ब्रिटेन और हालैंड के बीच गठबंधन का नवीनीकरण।
- 1778 - ब्रिटेन ने फ्ऱांस के ख़िलाफ़ जंग का ऐलान किया।
- फ्ऱांस ने अमेरिका को मान्यता प्रदान की।
- 1788 - मैसाचुसेट्स संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान को मानने वाला छठा राज्य बना।
- 1819 - सर थॉमस स्टैमफर्ड रैफ़ेल्स ने सिंगापुर की खोज की।
- 1833 - ओट्टो आधुनिक समय में यूनान के पहले सम्राट बने।
- 1869 - यूनान क्रीट छोडऩे को राजी हुआ।
- 1891 - उड़ान के क्षेत्र में अग्रणी डच-एंटन हरमान फ़ोकर का जन्म।
- 1899 - स्पेन ने क्यूबा प्यूटो रिको गुआम और फिलीपींस अमरीका को सौंप दिए।
- 1911 - अमेरिका के एरिजोना में पहला वृद्धाश्रम खोला गया।
- 1918 - तीस वर्ष से अधिक की आयु की महिलाओं को ब्रिटेन में मतदान करने का अधिकार मिला।
- 1922 - कार्डिनल एशिले रैट्टी पोप चुने गए।
- 1941 - ब्रिटिश सेना ने लीबिया के बेनगाजी शहर पर क़ब्ज़ा किया।
- 1942 - द्वितीय विश्वयुद्ध:यूनाइटेड किंगडम ने थाईलैंड के ख़िलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
- 1951 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1952 - ब्रिटेन नरेश जार्ज छठवें के निधन के बाद एलिजाबेथ द्वितीय गद्दी पर बैठीं।
- 1959 - सुश्री अन्ना चांडी केरल उच्च न्यायालय की प्रथम महिला न्यायाधीश बनीं।
- 1968 - फ्रांस के ग्रेनोबल शहर में दसवें शीतकालीन ओलंपिक खेल शुरु।

विशेष आलेख

# मोदी युग की कूटनीति: व्यापार समझौतों से आकार लेती भारत की वैश्विक महाशक्ति



डॉ नयन प्रकाश गांधी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की व्यापारिक कूटनीति ने बीते कुछ वर्षों में एक नया आत्मविश्वास हासिल किया है। छह वर्षों में नौ प्रमुख अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौते यह संकेत देते हैं कि भारत अब वैश्विक मंच पर केवल अवसर तलाशने वाला देश नहीं रहा, बल्कि वह अपनी शर्तों पर साझेदारी करने वाला राष्ट्र बन चुका है। ये समझौते भारत की उस सोच को दर्शाते हैं, जिसमें आर्थिक उदारीकरण और राष्ट्रीय हितों के संरक्षण के बीच संतुलन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है'

पिछले कुछ वर्षों में भारत की आर्थिक कूटनीति ने जिस प्रकार गति और दिशा दोनों प्राप्त की हैं, वह देश की वैश्विक भूमिका में आए व्यापक परिवर्तन को रेखांकित करती है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों को लेकर लंबे समय तक रक्षात्मक रुख अपनाने वाला भारत अब एक आत्मविश्वासी, संतुलित और निर्णायक वार्ताकार के रूप में उभरा है। बीते छह वर्षों में नौ प्रमुख द्विपक्षीय और बहुपक्षीय व्यापार समझौतों का संपन्न होना इसी बदली हुई सोच का प्रमाण है।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्वीकरण को न तो अंधानुकरण के रूप में स्वीकार किया है और न ही उससे दूरी बनाकर रखी है। इसके बजाय, भारत ने ऐसी व्यापारिक रणनीति विकसित की है जिसमें राष्ट्रीय हितों की रक्षा, घरेलू उद्योगों का संरक्षण और वैश्विक अवसरों का दोहन—तीनों का संतुलन दिखाई देता है। यही कारण है कि भारत द्वारा किए गए हालिया व्यापार समझौते केवल आयात-निर्यात तक सीमित नहीं हैं, बल्कि निवेश, सेवाओं, तकनीक, रोजगार और रणनीतिक साझेदारी तक विस्तृत हैं।भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौता, भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी, भारत-ईएफटीए निवेश एवं व्यापार समझौता और भारत-मॉरीशस जैसे समझौतों ने यह स्पष्ट किया है कि भारत अब केवल एक बड़ा उपभोक्ता बाज़ार नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद उत्पादन और निवेश गंतव्य भी बन चुका है। इन समझौतों के माध्यम से भारतीय उत्पादों को विकसित देशों के बाज़ारों तक अधिक सुगम पहुंच मिली है, जिससे विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को नया संबल मिला है।यूरोप और ब्रिटेन के साथ प्रस्तावित और संपन्न व्यापार समझौते भारत की बदली हुई वैश्विक छवि को और मजबूती देते हैं। यूरोपीय संघ और यूनाइटेड किंगडम जैसे विकसित आर्थिक समूहों के साथ भारत की वार्ताएं आसान नहीं रही हैं। पर्यावरणीय मानक, श्रम कानून, डेटा सुरक्षा और बौद्धिक संपदा जैसे मुद्दों पर भारत ने स्पष्ट रूप से यह संकेत दिया कि वह किसी भी समझौते में अपनी नीतिगत संप्रभुता से समझौता नहीं करेगा। इसके बावजूद, इन देशों के साथ सहमति बन पाना इस बात का संकेत है कि भारत को अब एक परिपक्व और जिम्मेदार आर्थिक शक्ति के रूप में स्वीकार किया जा रहा है।भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की दिशा में बढ़ते कदम भी इसी व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। अमेरिका के साथ भारत के संबंध केवल व्यापारिक नहीं, बल्कि रणनीतिक भी हैं। ऐसे में व्यापार समझौते का महत्व और बढ़ जाता है। यह सहयोग उच्च प्रौद्योगिकी, रक्षा उत्पादन, डिजिटल अर्थव्यवस्था और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भारत की भूमिका को सशक्त करने की क्षमता रखता है। यह समझौता भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में उच्च स्तर पर स्थापित करने में सहायक हो सकता है।इन सभी समझौतों की एक उल्लेखनीय विशेषता यह है कि भारत ने कृषि, डेयरी और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में जल्दबाज़ी नहीं दिखाई है। यह वह सीख है जो भारत ने अतीत के वैश्विक अनुभवों से प्राप्त की है, जहां कई देशों ने जल्द किए गए मुक्त व्यापार समझौतों के कारण अपने घरेलू उत्पादकों को नुकसान पहुंचाया। भारत की वर्तमान नीति स्पष्ट है,उदारीकरण होगा, लेकिन चरणबद्ध, संतुलित और तैयारियों के साथ।व्यापार समझौतों का प्रभाव केवल आंकड़ों में नहीं मापा जाना चाहिए। इनका वास्तविक प्रभाव रोजगार सृजन, निवेश प्रवाह और तकनीकी उन्नयन में दिखाई देता है। सेवा क्षेत्र, विशेषकर सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेशेवर सेवाओं के लिए ये समझौते नए अवसर खोलते हैं। इससे भारत की युवा आबादी को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का मंच मिलता है। साथ ही, हिंद-प्रशांत और हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की आर्थिक उपस्थिति भी इन समझौतों के माध्यम से सुदृढ़ हो रही है। न्यूज़ीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और ओमान जैसे देशों के साथ व्यापारिक संबंध भारत की उस दीर्घकालिक रणनीति को दर्शाते हैं, जिसमें वह क्षेत्रीय स्थिरता के साथ-साथ आर्थिक सहयोग को भी प्राथमिकता देता है।कुल मिलाकर, छह वर्षों में नौ बड़े व्यापार समझौते इस बात का संकेत हैं कि भारत अब वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी शर्तों पर संवाद करने की स्थिति में है।

# डराने लगी है ऑनलाइन गेमिंग की लत एवं आभासी दुनिया



ललित गर्ग

*धीरे-धीरे किशोरवय को अपने चपेट में लेने वाली यह प्रवृत्ति कितनी हृदयविदारक हो सकती है, उसका उदाहरण बुधवार को घटी ये दो भयावह घटनाएं हैं।*

ऑनलाइन गेमिंग की लत एवं आभासी दुनिया कितनी भयावह एवं घातक हो सकती है, इसकी एक ही दिन में दो अलग-अलग जगह घटी घटनाओं ने न केवल झकझोरा है, बल्कि यह हमारे समय, हमारी सामाजिक संरचना और हमारी सामूहिक असावधानी पर लगा हुआ एक गहरा प्रश्नचिह्न बना है। धीरे-धीरे किशोरवय को अपने चपेट में लेने वाली यह प्रवृत्ति कितनी हृदयविदारक हो सकती है, उसका उदाहरण बुधवार को घटी ये दो भयावह घटनाएं हैं। एक हृदयविदारक घटना में गाजियाबाद की तीन अल्पवयस्क बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में 12, 14 और 16 साल की तीन सुकोमल बहनें असमय काल-कवलित हो गईं। ऑनलाइन कोरियन गेम की दीवानी बहनें कोरिया में जाकर बसने और वहीं नया जीवन शुरू करने का सपना देखती थीं। घर वालों ने जब उनकी ऑनलाइन सनक से परेशान होकर उनसे मोबाइल छीन लिए, तो वे तनाव व अवसाद में घिर गई। फिर तीनों बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। ऐसी ही घटना हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में भी घटी जहां एक पंद्रह वर्षीय किशोर ने ऑनलाइन गेम के अपने एक विदेशी साथी के बिछुडऩे के गम में घर में आत्महत्या कर ली। किशोर दसवीं का छात्र था। इन घटनाओं ने समाज को स्तब्ध ही नहीं किया, बल्कि भीतर तक गहरा घाव दिया है। यह कोई आकस्मिक या अलग-थलग घटना नहीं है। इससे पहले झाबुआ, भोपाल और देश के अन्य हिस्सों में सामने आई ऐसी घटनाएं यह संकेत देती हैं कि आभासी दुनिया किस तरह वास्तविक जीवन पर हावी होती जा रही है और हम अनजाने में एक ऐसे समाज का निर्माण कर रहे हैं जहां संवेदनाएं, संवाद और जीवन-मूल्य स्क्रीन के पीछे दम तोड़ते जा रहे हैं। ऑनलाइन गेमिंग अपने आप में अपराध नहीं है, न ही तकनीक शत्रु है, लेकिन जब यह बच्चों और किशोरों के लिए लत बन जाए, तो यह एक धीमा जहर बन जाती है। यह जहर चुपचाप बच्चों के मस्तिष्क में प्रवेश करता है, उनकी सोच, उनकी भावनात्मक संरचना और उनके निर्णय लेने की क्षमता को विकृत करता है। गेमिंग की दुनिया बच्चों को तात्कालिक रोमांच, आभासी जीत और काल्पनिक पहचान देती है, लेकिन धीरे-धीरे वही दुनिया उन्हें वास्तविक जीवन से काट देती है। परिवार, मित्र, पढ़ाई, प्रकृति, खेल और संवाद-सब कुछ पीछे छूटने लगता है। गाजियाबाद की तीनों बहनों का यह कदम इसी कटाव का चरम और भयावह परिणाम है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अत्यधिक ऑनलाइन गेमिंग बच्चों के मस्तिष्क में आवेग नियंत्रण को कमजोर करती है। जोखिम का आकलन करने की क्षमता घटती है और भावनात्मक अस्थिरता बढ़ती है। हार, असफलता या गेम से वंचित किए जाने की स्थिति में अवसाद, क्रोध और निराशा गहराने लगती है। कई बार बच्चे आत्महत्या जैसे चरम कदम को भी एक 'गेम ओवर' की तरह देखने लगते हैं। यह सोच अपने आप में अत्यंत खतरनाक है। आत्महत्या की प्रवृत्ति का बढऩा केवल मानसिक स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक चुनौती है।

## लघुकथा
बढ़ता राजस्थान

### व्यथा



आज ताई को कई दिनों के बाद पार्क में देखा तो मैंने दूर से आवाज दी, ताई राम-राम! राम-राम, बेटा। जीते रहो! ताई ने हमेशा की तरह आशीर्वादों की झड़ी लगा दी। पर आज ताई के चेहरे पर वो खुशी नजर नहीं आ रही थी जो हमेशा रहा करती थी। सुस्त और उदास सी लग रही थी ताई। तबीयत तो ठीक है न? मैंने पूछा। हाँ, तबीयत तो एकदम ठीक है बेटा। फिर क्या बात है? अरे क्या बताऊँ! इन लौंडों के लिए सारी जिऩ्दगी खपा दी। दिन को दिन समझा, न रात को रात। पर मेरी परवाह किसे है? सब अपनी-अपनी धुन में मस्त हैं। अरे सब स्वार्थ के रिश्ते हैं बेटा। ताई लगभग रूआंसी हो उठी। अरे मुझसे कह दिया होता। कोई काम हो तो बता दिया करो। मैं भी तो आपके बेटे जैसा हूँ। कॉलोनी के सब बच्चे उन्हें ताई ही बुलाते हैं। बहुत सहनशील है ताई। बचपन से उन्हें देखा। उन्हें कभी किसी से कोई शिकायत नहीं रहती। इतना अधीर तो उन्हें कभी नहीं देखा। अच्छा, बताओ क्या काम है? अरे बेटा, कुछ नहीं। तीन दिन से इंटरनेट नहीं चल रहा। आखिर ताई ने अपने दर्द का पिटारा खोल दिया।

## हैल्थ टिप्स
बढ़ता राजस्थान

# बुखार होने पर नहाना सही या गलत? जानें क्या कहते हैं एक्सपर्ट

जैसे ही मौसम बदलता है बुखार, खांसी-जुकाम जैसी समस्या होने लगती हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक हर किसी को इन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासतौर पर जिनकी इम्यूनिटी कमजोर होती है वो जल्दी बीमार पड़ जाते हैं। बुखार होने पर अक्सर मन में यह सवाल उठता है कि क्या नहाना सही है या नहीं? कुछ लोग मानते हैं कि नहाने से शरीर का टेंपरेचर और बढ़ सकता है, जबकि कुछ का कहना है कि नहाने पर बुखार कम हो सकता है। ऐसे में कन्फ्यूजन होना लाजमी है।

बुखार में नहाना चाहिए या नहीं?

अक्सर लोगों के मन में ये सवाल उठता है कि बुखार में नहाना चाहिए या नहीं? खासतौर पर बात बच्चे की हो तो चिंता और बढ़ जाती है। दरअसल, डॉक्टर्स का कहना है कि बुखार के समय नहाना पूरी तरह से मना नहीं है। बल्कि यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप किस तरह और किस पानी से नहा रहे हैं। बुखार होने पर हल्के गुनगुने पानी से नहाने से शरीर का टेंपरेचर धीरे-धीरे कम हो सकता है और थकान भी कम लगती है। अगर बच्चे को भी बुखार है तो उसे भी कोसे-कोसे पानी से नहलाएं ऐसा करने से उसका बुखार जल्दी उतर जाएगा और वो फ्रेश फील करेगा।

बुखार होने पर क्या न करें -

बुखार होने पर ठंडे पानी से नहाने से परहेज करें।

- बहुत गर्म पानी से भी बुखार होने पर नहीं नहाना चाहिए। पहले ही शरीर का तापमान बढ़ा होता है ऐसे में कमजोरी आ सकती है।
- खुले और हवादार जगह पर न नहाएं, वरना ठंडी हवा लगने से तबीयत और खराब हो सकती है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन वैवाहिक जीवन जी रहे लोगों के लिए सुखद रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ तालमेल अच्छा रहेगा और रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। समाज या कार्यक्षेत्र में आपको सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**वृष**
आज आपका मन दान-पुण्य और धर्म-कर्म के कार्यों में अधिक लगेगा। किसी जरूरतमंद की सहायता करके आपको आत्मिक संतोष की अनुभूति होगी।

**मिथुन**
आज का दिन भाग्य की दृष्टि से आपके लिए अनुकूल संकेत दे रहा है। धर्म और आध्यात्म से जुड़ी गतिविधियों में आपकी रुचि बढ़ेगी और मन को शांति मिलेगी। छोटे बच्चों के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।

**कर्क**
आज आपके सुख-साधनों में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आपको अनुभवी और समझदार लोगों का मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे काम करने में न केवल आसानी होगी बल्कि मन भी लगा रहेगा।

**सिंह**
आज का दिन आपको अपने बढ़ते खर्चों पर नियंत्रण रखने की सीख दे रहा है। कुछ लोग आपकी सफलता से जलन महसूस कर सकते हैं।

**कन्या**
आज का दिन आय में वृद्धि के संकेत लेकर आया है। परिवार में किसी नए सदस्य के आगमन की खुशखबरी मिल सकती है, जिससे घर में उत्साह का माहौल बनेगा।

**तुला**
आज आपके अधिकांश काम समय पर पूरे होंगे, जिससे मन में संतोष और खुशी बनी रहेगी। व्यापार में यदि कोई डील लंबे समय से अटकी हुई थी, तो उसके फाइनल होने की संभावना है। हालांकि किसी दूर रहने वाले परिजन से कोई निराशाजनक खबर मिल सकती है।

**वृश्चिक**
आज आपको अपने कामों को टालने की आदत से बचना होगा, क्योंकि देर करने से नुकसान हो सकता है। करियर से जुड़ी जो परेशानियां चल रही थीं, वे अब धीरे-धीरे दूर होती नजर आएंगी।

**धनु**
आज का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा, लेकिन यह व्यस्तता आपके लिए फायदेमंद सिद्ध होगी। कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी, जो आगे चलकर आपके काम आ सकते हैं।

**मकर**
आज का दिन सुख और शांति से भरा रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में चल रही परेशानियां दूर होंगी और जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। पारिवारिक मामलों को आपसी बातचीत से सुलझा लिया जाएगा।

**कुंभ**
आज का दिन लाभदायक सिद्ध होगा। कुछ प्रभावशाली लोगों से आपकी मुलाकात होगी और काम को लेकर आप नई कोशिशें भी करेंगे। आपकी मेहनत का फल आपको अवश्य मिलेगा।

**मीन**
आज का दिन आय के मामले में बेहद अच्छा रहने वाला है। एक के बाद एक खुशखबरी मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। कोर्ट-कचहरी से जुड़ा कोई पुराना मामला भी समाप्ति की ओर बढ़ सकता है।

## भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गौरा आज गंगापुर सिटी में युवाओं से करेंगे संवाद

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य में भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शंकर गौरा 6 फरवरी को गंगापुर सिटी दौरे पर रहेंगे । जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि नवनियुक्त युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शंकर गौरा के पहली बार गंगापुर सिटी आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अगुवाई में युवा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गंगापुर सिटी बाईपास मोड पर उनका अभिनंदन करेंगे । प्रदेश अध्यक्ष शंकर गौरा अपने दौरे के दौरान युवाओं से संवाद करेंगे और बजट पर चर्चा करेंगे । युवा संवाद कार्यक्रम के जिला प्रभारी और युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मुरली गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष शंकर गौरा धौलपुर, करौली होते हुए सांय 4 बजे गंगापुर सिटी पहुंचेंगे जहां जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अगुवाई में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा उनका भव्य अभिनंदन और स्वागत किया जाएगा, जिलेभर से भाजपा एवं युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारी एवं मंडल पदाधिकारी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे ।

## भामाशाहों को आज शिक्षा विभाग करेगा सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला मुख्यालय स्थित रणथंभौर मैरिज गार्डन में शुक्रवार को जिला स्तरीय भामाशाह उत्सव-2026 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 12:30 से बजे शुरू होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर एक दिन पूर्व मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मीना लसारिया तथा एडीपीसी दिनेश गुप्ता ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर उन्हें विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियाँ सौंपी। कार्यक्रम अधिकारी हेमराज मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में जिले के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में भामाशाह एवं सामाजिक प्रेरक सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर द्वारा उन भामाशाहों और सामाजिक प्रेरकों को मंच से सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने जिले के सरकारी विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं, संसाधनों तथा शैक्षणिक गुणवत्ता के उन्नयन में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस अवसर पर जिले भर से 500 से अधिक भामाशाहों को सम्मानित किया जाना प्रस्तावित है, जिन्होंने वर्तमान सत्र में 6 करोड़ रुपये से अधिक की राशि विभिन्न विद्यालयों को दान स्वरूप प्रदान की है।

## टोडारायसिंह में कबाड़ की दुकान लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान



बढ़ता राजस्थान

**टोड़ारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** कस्बे में देर शाम बरात की निकासी के दौरान हुई आतिशबाजी से ज्योतिबा फुले सर्किल की ओर जाने वाले रास्ते पर पतंजलि योगपीठ के प्रतिष्ठान के समीप कबाड़ के गोदाम में आग लगने से गोदाम में रखा कबाड जल कर खाक हो गया। पीड़ित ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर मुआवजा दिलाने की मांग की है। देर शाम कस्बे में शादी समारोह की धूम मच रही थी। कस्बे में देर शाम बरात की निकासी के दौरान आतिशबाजी की जा रही थी। आतिशबाजी से चिंगारी से पतंजलि प्रतिष्ठान के समीप रुऊफ पुत्र कालू खां जाति मुसलमान का कबाड़ का गोदाम में रखा कबाड़ा के सामान में आग लग गई। आग लगने से गोदाम से धुंआ निकलने लगी। आस पास के निवासियों ने रऊफ को फोन कर बुलाया। वहीं आग को देखकर बड़ी संख्या में कस्बावासी बुझाने के प्रयास किए, लेकिन आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर टोडारायसिंह अधिशासी अधिकारी पवन कुमार बेनीवाल, दमकल कर्मी फायरमैन दिलखुश मार्शल, सहायक कर्मी सांवरमल पंवार, स्वास्थ्य निरीक्षक सिकंदर सहित अन्य कार्मिक मौके पर पहुंचे और आग काबू करने के प्रयास शुरू किए, वहीं आग को देखते हुए मालपुरा से दमकल गाड़ी भी मौके पर पहुंची। करीब 4 घंटे में आग पर काबू पाया गया, तब तक सबकुछ खाक हो चुका था। पीड़ित रऊफ पुत्र कालू खां ने जिला कलक्टर से मुआवजा की मांग की है।

## शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य अनुज्ञा शिविर में खाद्य/फुटकर व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य कारोबार के लिए लाईसेंस और रजिस्ट्रेषन षिविर शुक्रवार को सुबह 11 से 4 बजे तक पुराना अस्पताल परिसर उनियारा जिला टोंक में लगाया गया। षिविर में 73 थोक/फुटकर व्यापारियों के आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 65 व्यापारियों को हाथों हाथ लाईसेंस मिले षिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 शैलेन्द्र सिंह चैधरी खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने लाईसेंस और रजिस्ट्रेषन वितरित किये गये साथ ही षिविर में मोटे अनाज की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी गई। षिविर के दौरान लाईसेंस पंजीकरण के साथ-साथ मोबाईल फूड टैस्टिंग लैब वाहन द्वारा आमजन को सुरक्षित खाद्य पदार्थो के संदर्भ में जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह चैधरी ने बताया कि लाईसेंस के लिए कुल 5 व्यापारियों ने आवेदन किये, एवं रजिस्ट्रेषन के लिए कुल 68 छोटे फुटकर व्यापारियों ने आवेदन कियें, जिसमे से मौके पर 5 लाईसेन्स व 60 रजिस्ट्रेषन जारी कर दियें।

### चौथ का बरवाड़ा में उपखण्ड कार्यालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

# लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें- जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर काना राम गुरूवार को चौथ का बरवाड़ा उपखण्ड क्षेत्र के दौरे पर रहे।

इस दौरान उन्होंने उपखण्ड कार्यालय चौथ का बरवाड़ा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चौथ का बरवाड़ा में प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।



जिला कलक्टर ने उपखण्ड कार्यालय चौथ का बरवाड़ा में लंबित न्यायालयीन प्रकरणों, भूमि कन्वर्जन मामलों, संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवादों के निस्तारण तथा कार्मिकों के कार्य विभाजन की जानकारी ली। उन्होंने सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यालय की समस्त फाइलों का शत-प्रतिशत निस्तारण ई-फाइल प्रणाली के माध्यम से किया जाए। इस दौरान उन्होंने एसडीएम चौथ का बरवाड़ा जोगेन्द्र सिंह से अब तक निस्तारित कोर्ट केसों की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही रास्ता एवं सीमाज्ञान से संबंधित लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी दिए।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण

जिला कलक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चौथ का बरवाड़ा का औचक निरीक्षण कर ओपीडी पर्ची काउंटर, आयुष्मान भारत काउंटर एवं दवा वितरण केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्टोर रूम में उपलब्ध जीवन रक्षक दवाओं की जांच की तथा डायलिसिस मशीन की कार्यशीलता की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों एवं आगंतुकों से संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर फीडबैक लिया। साथ ही एक्स-रे कक्ष एवं लेबर रूम का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं एवं जांच सुविधा की जानकारी ली।

## सोशल मीडिया और पुलिस की तत्परता से भटके मासूम को मिला परिवार, सुरक्षित लौटा नन्हा बालक

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** देवली शहर की ज्योति कॉलोनी का एक मासूम बालक अपने घर पर खेलते-खेलते अपने परिजनों से बिछड़ कर शहर के गौरव पथ पर पहुंच गया और बालक यहां भटकता रहा। इस दौरान वही कचोरी की दुकान खड़े कन्हैया लाल मीणा और साधना मीणा को लावारिस अवस्था में इधर-उधर भटकता दिखाई पड़ा। इस पर साधना मीणा कन्हैया लाल मीणा बालक के पास पहुंचे और 5 वर्षीय नन्हे बालक से उसके माता-पिता के बारे में पूछताछ करने लगे इस दौरान बालक अपनी पहचान व पता स्पष्ट रूप से नही बता पाया। यह मामला बुधवार अपरान्ह 3 बजे का था। इस दौरान परिजनों से बिछड़े बालक से कन्हैया लाल मीणा और साधना मीणा को उसके माता के माता-पिता के बारे में जानकारी नहीं मिली तो। साधना मीणा ने इस मामले की जानकारी देवली पुलिस तक पहुंचा दी। इस के बाद कन्हैया लाल मीणा एवं साधना मीणा 5 वर्षीय नन्हे बालक को लेकर देवली पुलिस थाने पहुंच गए। इस दौरान पुलिस ने भी बालक



से उसके माता-पिता की जानकारी लेने का प्रयास किया। लेकिन बालक कुछ भी बताने में असक्षम बना रहा। इस बात को मध्यनजर रखते हुए। देवली पुलिस ने सोशल मीडिया की मदद ली और सभी सोशल मीडिया ग्रुपों में उक्त बालक की फोटो वायरल करवा दी। ताकि बालक के सुरक्षित होने की सूचना जैसे तैसे उसके परिजनों तक पहुंच जाये । इस दौरान पुलिस ने उक्त बालक की देखभाल की जिम्मेदारी साधना मीणा को सोपी दी। जो उक्त बालक को पुलिस थाने लेकर आई थी।

इस के बाद स्थानीय लोगों की सतर्कता और सोशल मीडिया के सहयोग से उक्त बालक के साधना मीणा के पास सुरक्षित रहने की जानकारी उक्त माता-पिता तक पहुंच गई । इस पर उक्त बालक के पिता अपने रिश्तेदारों के साथ पुलिस थाने पहुंचे। और अपने बालक के लापता होने की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद साधना मीणा उक्त बालक के लेकर पुलिस थाने पहुंच गई। जहां नन्हे बालक ने अपने पिता दीपक सिंह राणावत को पहचान लिया और रोते हुए पिता से लिपट गया।

इस मामले की जानकारी पर देवली पुलिस के एएसआई सीताराम मीणा ने बताया कि यह बच्चा ज्योति कॉलोनी निवासी दीपक राणावत का निकाला है। इस दौरान एएसआई सीताराम मीणा ने बालक सुपुर्द करने से पहले कानूनी तौर पर आवश्यक प्रक्रिया पुरी की इसके बाद बालक को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया।

## वर्षो पुरानी सामाजिक सम्पत्ति पर कब्जे को लेकर रैगर समाज में रौष, जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, दूनी तहसीलदार के खिलाफ की नारेबाजी



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** दूनी कस्बे के रैगर बस्ती में वर्षो पुराने सामाजिक कूएं व चबूतरें पर अन्य समाज की ओर कब्जा करने को लेकर रैगर समाज में नाराजगी बनी। जिसकों को लेकर रैगर समाज के सैकड़ों महिला- पुरुषों ने बुधवार को अखिल भारतीय रैगर महासभा के तत्वाधान में घंटाघर चौराहै से रैली निकालते हुए जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन सौपा है। साथ ही दूनी तहसीलदार विनोद शर्मा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। लोगों ने ज्ञापन में बताया कि दूनी कस्बें के घाड़ सडक़ मार्ग पर समाज का पिछलें लगभग 65 वर्ष पहलें से कुएं व चबूतरा बना हुआ है। जंहा 2017 में रैगर समाज को पंचायत प्रशासन दूनी की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी दिया जा चुका है साथ ही उक्त भूमि पर वर्षो से विकास व अन्य निर्माण कार्य रैगर समाज की ओर करवायें जाते रहे है। जंहा पर इन दिनों रैगर समाज की ओर से निर्माण कार्य करवानें पर अन्य जाति समुदाय की ओर विरोध करने पर रैगर समाज के लोगों में नाराजगी बनी हुई है। जिसको लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर नियमानुसार जांच करवाकर राहत प्रदान करनें की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में अखिल भारतीय रैगर महासभा टोंक के जिला अध्यक्ष शंकर लाल हाथीवाल, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश धवलपुरिया, निवाई शहर अध्यक्ष बाबू लाल कंवरिया, कोषाध्यक्ष महेंद्र मंडरावलिया, मीडिया प्रभारी चेतन वर्मा, शहर देहात अध्यक्ष राजेश देवतवाल, दूनी युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमित थलेटियां, प्रहलाद जाबडोलिया, राकेश रैगर, राधेश्याम, भंवर लाल, मनभर देवी, प्रेम चंद, तुलसा देवी, रामस्वरूप रैगर, सजना देवी, कांता देवी,भूला देवी,उगंता देवी, कमलेश सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## पायलट ने टोंक की महत्वपूर्ण एवं बहुप्रतीक्षित मांगों को बजट में शामिल करने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर बीसलपुर बांध के ओवरफ्लो के पानी को टोरड़ी सागर बांध एवं घारेड़ा सागर में डलवाने की मांग की है।

पायलट ने कहा कि बीसलपुर बांध के ओवरफ्लो के व्यर्थ बहने वाले पानी को, नहर का निर्माण करवाकर, इसके माध्यम से टोरड़ी सागर बांध एवं घारेड़ा सागर में डलवाया जाये। उन्होंने बताया कि इस नहर के निर्माण से क्षेत्र की उपजाऊ जमीन की सिंचाई हेतु किसानों को पानी उपलब्ध हो सकेगा। जिले के किसानों की यह लम्बे समय से प्रमुख मांग रही है। पायलट ने टोंक में नहरों का विस्तार करने की मांग भी की है।

साथ ही पायलट सरकार से मांग की है कि टोंक को रेल नेटवर्क से जोडऩे के लिए पूर्व में स्वीकृत रेल लाईन परियोजना के कार्य में गति लाकर इसे शीघ्र पूर्ण करवाया जाये, टोंक शहर के व्यवस्थित, आधुनिक एवं सुनियोजित विकास को सुनिश्चित करने के लिए टोंक में नगर विकास न्यास की स्थापना की जाये, युवाओं को कृषि की उन्नत शिक्षा हेतु राजकीय कृषि महाविद्यालय खोला जाये।

## नहर विभाग की लापरवाही से फूटा किसानों का गुस्सा: बनेठा माइनर ओवरफ्लो, ककोड-नगर फोर्ट मार्ग पर लगाया जाम

बढ़ता राजस्थान

**उनियारा (आनंद शर्मा)।** उपखंड क्षेत्र के ककोड कस्बे में बुधवार रात्रि को बनेठा माइनर के ओवरफ्लो होने से किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। नहर का पानी खेतों में घुसने से फसलों को भारी नुकसान पहुँचा है। विभागीय अधिकारियों की लेट-लतीफी से आक्रोशित किसानों ने गुरुवार सुबह ककोड-नगर फोर्ट मार्ग को अवरोधक लगाकर पूरी तरह जाम कर दिया।

### चार बार हो चुका है ओवरफ्लो, विभाग मौन

किसानों का आरोप है कि विभाग की अनदेखी के कारण यह नहर अब तक चार बार ओवरफ्लो हो चुकी है। बुधवार रात को जब पानी



खेतों में भरने लगा, तो सुबह होते ही किसानों ने संबंधित विभाग के कार्मिकों को सूचित किया। लेकिन, सुबह 9 बजे तक भी किसी जिम्मेदार कर्मचारी के मौके पर न पहुंचने से किसानों का धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने सडक़ पर उतरकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

### जेइएन को सुनाई खरी-खोटी

जाम लगने के लगभग एक घंटे बाद बीसलपुर नहर परियोजना के कनिष्ठ अभियंता मौके पर पहुंचे। वहां मौजूद किसानों ने उन्हें जमकर खरी-खोटी सुनाई। किसानों ने दो टूक शब्दों में कहा 'आप लोगों की लापरवाही का खामियाजा हमें भुगतना पड़ रहा है। जब तक नहर की पूरी तरह सफाई नहीं की जाएगी, तब तक हम रास्ता नहीं खोलेंगे।'

### समझाइश के बाद खुला जाम

सडक़ के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लगभग आधे घंटे तक चली तीखी बहस और छ्वश्वह्र द्वारा नहर की सफाई व उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद किसानों ने जाम हटाया। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही स्थाई समाधान नहीं हुआ, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा

## पांवाडेरा : ग्राम उत्थान शिविर का औचक निरीक्षण, ग्रामीणों से किया संवाद

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर ने गुरुवार को ग्लोबल राजस्थान एग्री-टेक मीट-2026 के अंतर्गत चौथ का बरवाड़ा की ग्राम पंचायत पांवडेरा में आयोजित विशेष ग्राम उत्थान शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों, पशुपालकों एवं ग्रामीणों से संवाद कर शिविर में संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी ली। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कृषि विभाग की तारबंदी योजना, सोलर पंप हाउस, बीज मिनी किट सत्यापन की प्रगति की समीक्षा करते हुए



निर्धारित लक्ष्यानुसार पात्र किसानों के आवेदन तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की प्रगति की जानकारी भी प्राप्त की। कलक्टर ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के लाभार्थियों को बीमा पॉलिसी एवं किसान को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, विकसित भारत जीरामजी योजना, फार्मर रजिस्ट्री शिविर, जमाबंदी, पेंशन सत्यापन, स्वामित्व योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन योजनाओं से अधिकाधिक पात्र लोगो को लाभान्वित किया जाए। इस दौरान एसडीएम जोगेन्द्र सिंह, तहसीलदार नीरज सिंह, विकास अधिकारी इन्द्रराज मीना सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले में आज 8 ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन

शुक्रवार 6 फरवरी को सवाई माधोपुर उपखण्ड के गिरदावर सर्किल कुण्डेरा एवं खिलचीपुर, चौथ का बरवाड़ा की सारसोप, खण्डार की बालेर, बौंली की कोलाड़ा, मलारना डूंगर की चक बिलोली, बामनवास की बाटोदा एवं शफीपुरा में ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## जिला कलेक्टर ने किया शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण, प्रेक्टिकल नॉलेज पर दिया जोर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने गुरुवार को जिला मुख्यालय के डाईट रोड स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान पन्नाधाय आवासीय विद्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने संस्थानों में छात्राओं को कराए जा रहे शार्ट एवं मिड टर्म कार्सेज की जानकारी ली साथ ही विद्यार्थियों की सैद्धान्तिक एवं प्रेक्टिकल नॉलेज को भी परखा। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में 30 दिवसीय महिला ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल छात्राओं से संवाद कर उन्हें दिये जा रहें प्रशिक्षण की गुणवत्ता को जांचा। उन्होंने मौके पर ही छात्राओं से ब्यूटी पार्लर से सम्बन्धित सिखाये जा रहे कौशल को देखा एवं छात्राओं से थ्रेडिंग कौशल को करवाया। उन्होंने प्रशिक्षणकर्ताओं को व्यवहारिक ज्ञान पर ओर ध्यान देने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने एसीईओ ललित कुमार एवं संस्थान के निदेशक शैलेन्द्र सिंह को जिला उद्योग केन्द्र और राजीविका के माध्यम से कोर्स करने के बाद स्वरोजगार के लिए लोन की सुविधा एवं अन्य सैद्धान्तिक नॉलेज को देने के लिए एक-एक दिन का सेशन कराने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने पन्नाधाय आवासीय विद्यालय में निरीक्षण के दौरान बालिकाओं से विद्यालय में पढ़ाई की स्थिति, भोजन एवं भविष्य को लेकर उनकी योजनाओं पर संवाद किया साथ ही विद्यालय की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

## हॉस्पिटल में माँ योजना एवं आर.जी.एच.एस. के मरीजो हेतु निःशुल्क लेटेस्ट डायलिसिस मशीन से इलाज की सुविधा का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शुक्रवार से मित्तल हॉस्पिटल, एन.ई.बी. अलवर में माँ योजना एवं आर.जी.एच.एस. के मरीजो हेतु नि:शुल्क लेटेस्ट डायलिसिस मशीन से इलाज की सुविधा प्रारम्भ हो गयी है। मित्तल हॉस्पिटल के निदेशक एवं सीनियर फिजिशियन डॉ एस. सी. मित्तल ने बताया कि माँ योजना एवं आर.जी. एच.एस. के मरीजो को आये दुसरे दिन आ रही परेशानियों को मध्य नजर रखते हुए निप्रो कम्पनी की लेटेस्ट वर्जन वाली नयी डायलिसिस मशीने खरीदी गयी है जिससे मरीजो को आने वाली परेशानियों से बहुत बड़ी रहत मिलेगी। मित्तल हॉस्पिटल की प्रबन्ध निदेशक अल्का मित्तल ने बताया कि मशीनों के आते ही मित्तल हॉस्पिटल में नये नेफरोलोजिस्ट रखे गए है जो सप्ताह में 2 बार बुधवार एवं रविवार को डॉ कवीश शर्मा को अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगे। माँ योजना एवं आर.जी.एच.एस. के मरीजो के अलावा भी अन्य सभी तरह के मरीजो को इन सुविधाओ का लाभ मिल पायेगा जिसमे मित्तल हॉस्पिटल में उपलब्ध कैशलेस टी.पी.ए., एवं अन्य उपलब्ध कैशलेस कंपनियों से कैशलेस का फायदा मिल पायेगा। साथ ही बिना कार्ड होल्डर्स को भी इन मशीनों की सुविधाओ का लाभ मिल सकेगा।



## युवा संबल रोजगार मेला 10 फरवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में होगा आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला स्तर पर युवा संबल रोजगार मेला-2026 का आयोजन 10 फरवरी को प्रात: 10 बजे से कालीमोरी स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में किया जाएगा। मेला कार्यक्रम के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर) के सम्पूर्ण पर्यवेक्षण किया जाएगा। रोजगार विभाग के सहायक निदेशक को नोडल अधिकारी एवं कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के जिला प्रबंधक को सह नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## खैरथल-तिजारा में कुत्ते ने बच्चे को 100 मीटर तक घसीटाःमां के सामने 30 सेकंड तक नोचता रहा; सिर पर 7 टांके लगे

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** खैरथल-तिजारा जिले के माचा गांव में घर के बाहर खड़े 4 वर्षीय मासूम पर पागल कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। बच्चे को करीब 100 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। घटना के समय बच्चे की मां पास में ही मौजूद थी, लेकिन कुत्ते की आक्रामकता के चलते वह कुछ नहीं कर सकी। पागल कुत्ते के हमले में मासूम असवाल पुत्र राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। कुत्ते ने बच्चे की दोनों आंखों के ऊपर सिर पर भयंकर घाव कर दिए। वहीं एक हाथ की अंगुलियों और दूसरे हाथ की बाजू पर भी बुरी तरह नोच लिया। करीब 30 सेकंड तक कुत्ते ने बच्चे को अपने जबड़े में दबाकर रखा। बच्चे के सिर में सात टांके आए हैं।

**मां की चीख-पुकार सुनकर परिजनों ने बच्चे को छुड़वाया :** मां की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को कुत्ते से छुड़वाया। खून से लथपथ हालत में घायल बालक को परिजन पहले किशनगढ़ बास अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे अलवर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में बच्चे के सिर में कुल सात टांके लगाए गए हैं। इसके अलावा पलकों, हाथ की अंगुलियों और बाजू पर भी कई टांके आए हैं। फिलहाल मासूम का इलाज अलवर जिला अस्पताल में जारी है। घायल बच्चे के चाचा मुबारिक ने बताया- बच्चा असवाल पुत्र राहुल शाम करीब 6 बजे घर के बाहर खड़ा था। तभी अचानक एक पागल कुत्ता आया और हमला कर बच्चे को करीब 100 मीटर तक घसीट ले गया। कुत्ता अभी तक पकड़ में नहीं आया है। गांव में खुलेआम घूम रहा है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

## भाई-भतीजों ने 60 साल के बुजुर्ग को पीटाः3 बिस्वा जमीन खाली कराने के लिए मारपीट, चार बेटियां पुलिस थाने-अस्पताल के चक्कर लगा रहीं

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर में भाई और दो भतीजों ने जमीन के लिए बुजुर्ग को लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। वह अब अलवर जिला अस्पताल में भर्ती है। पीड़ित की चार बेटियां पुलिस व अस्पताल में चक्कर लगाने को मजबूर हैं। पीड़ित जहां रह रहा है कि उसके भाई-भतीजे पास की 3 बिस्वा जमीन खाली कराना चाह रहे हैं। इसे लेकर पहले भी मारपीट हो चुकी है। वहीं पीड़ित की बेटियों का आरोप है कि पुलिस ने घायल पिता को घर छोड़ा था। इसके उन्होंने रुपए मांगे थे। मामला अलवर के राजगढ़ थाना क्षेत्र के खरकड़ी चावंड सिंह गांव का 2 फरवरी का है। गांव के दया चंद (62) को आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारा था। पुलिस अब मामले की जांच में लगी है।

**भाई और भतीजों ने लाठी-डंडों से मारा :** खरकड़ी चावंड सिंह निवासी दया चंद (62) को उसके सगे भाई खेमचंद और भतीजे हुकम व गुलाब ने 2 फरवरी की शाम को लाठी-डंडों से पीटा। उसके सिर और पीठ पर चोट के निशान हैं। पहले उसे राजगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब वहां से अलवर लेकर आए हैं। पीड़ित दयाचंद की चार बेटियां हैं। दो की शादी हो चुकी है और दो अविवाहित है।

**जीप से पुलिस ने घर छोड़ा, 400 रुपए दिए तो बोले- टैंपो का भाड़ा दे रहो हो क्या? :** पीड़ित की बड़ी बेटी ममता देवी ने बताया- 2 फरवरी को अचानक उसके चाचा खेम व दोनों बेटों ने उसके पिता को घेर लिया। उसके साथ बुरी तरह मारपीट की। सिर व पीठ पर चोट लगी है। वे अब अलवर के अस्पताल में भर्ती हैं। पहले राजगढ़ में भर्ती कराया था। वहां से एक बार वापस गांव लेकर चले गए थे।,w

## सरकार के आधे कार्यकाल में केवल 27 प्रतिशत घोषणाएं धरातल पर

# भाजपा 'आंकड़ों की बाजीगरी' में माहिर : टीकाराम जूली

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राजस्थान विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भजनलाल सरकार की कार्यशैली पर तीखा प्रहार किया। तार्किक आंकड़ों और साहित्यिक तेवरों के संगम से जूली ने सरकार के सुशासन के दावों की पोल खोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनता की 'मालिक' बनने की कोशिश न करे, वह केवल 'ट्रस्टी' है।



### घोषणाओं का सच- 2717 में से केवल 754 पूरी

सदन को संबोधित करते हुए श्री जूली ने बताया कि पिछले दो बजटों की 2717 घोषणाओं में से केवल 754 (27प्रतिशत) ही पूरी हो पाई हैं। उन्होंने तंज कसा कि भाजपा के विधायक जिस घोषणा पत्र के कसीदे पढ़ते हैं, उन्हें खुद नहीं पता कि उसमें कितने वादे थे। उन्होंने आगाह किया कि कार्यकाल का आधा समय बीत चुका है और पिछले साल की मात्र 18-20प्रतिशत घोषणाएं ही जमीन पर उतरी हैं। जूली ने सरकार को चुनौती देते हुए पूछा कि क्या पूरे प्रदेश में एक भी ऐसा किसान है जिसका बाजरा एमएसपी पर खरीदा गया हो? उन्होंने बीकानेर और जोधपुर संभाग में मूंग-मूंगफली खरीद की अव्यवस्था पर सरकार को घेरा।'स्कूटी योजना' 60,000 छात्राओं की स्कूटियों का टेंडर नियमों के नाम पर निरस्त कर दिया गया। यूनिफॉर्म घोटाला- 1200 रुपये के वादे के बदले मात्र 600 रुपये दिए गए और सामान्य वर्ग के गरीब बच्चों को योजना से बाहर रखा गया। एक तरफ देश के प्रधानमंत्री 10 लाख रुपए का सूट पहनते हैं तो दूसरी तरफ डबल इंजन सरकार बच्चों को स्कूल ड्रेस के लिए महज 600 रुपये देती है।

### भर्तियों पर शून्य रिपोर्ट कार्ड

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि 26 महीने बाद भी सरकार एक भी ऐसी भर्ती नहीं गिना सकती जो इसी कार्यकाल में शुरू होकर जॉइनिंग तक पहुँची हो। पहले 19 महीने में तो इस सरकार ने एक नई अभ्यर्थना तक नहीं निकाली। उन्होंने वाल्मीकि समाज की सफाई कर्मचारी भर्ती में अनदेखी और मेडल विजेता खिलाडियों को आउट ऑफ टर्न नौकरी न देने पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। जूली ने गंभीर आरोप लगाते हुए 456 करोड़ के सोलर टेंडर और 46 करोड़ के एडवांस भुगतान को सरकार के संरक्षण में पनपा घोटाला करार दिया। राइजिंग राजस्थान पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि 35 लाख करोड़ के निवेश के दावों में से केवल 22प्रतिशत (8 लाख करोड़) ही क्रियाशील हैं। इनमें से भी 6.5 लाख करोड़ सोलर सेक्टर के हैं, जहाँ रोजगार की संभावनाएं न के बराबर हैं। सरकार आखिर इन रूह की सूची सार्वजनिक करने से क्यों डर रही है?

### नाम बदलने की राजनीति और ट्रैफिक सुशासन का दिखावा

उन्होंने राजीव गांधी स्कॉलरशिप का नाम बदलने और उसकी सीटें 300 से घटाकर 150 करने की आलोचना की। जूली ने कहा कि विदेश में बच्चों को यदि अच्छी शिक्षा मिलती तो इससे सरकार को क्या समस्या है, यह समझ से परे है कि इतनी शानदार स्कीम क्यों बंद की गई। मुख्यमंत्री के काफिले पर तंज कसते हुए जूली ने कहा कि लाल बत्ती पर रुकने का दिखावा खत्म हो चुका है और जनता अब भी घंटों जाम में फंसती है।

### पहले रुपया गिरने पर सरकार की साख गिरती थी पर वर्तमान सरकार की तो साख ही नहीं बची

जूली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2014 से पूर्व रुपये के अवमूल्यन पर दिए गए बयानों का हवाला देते हुए कहा कि पहले मोदीजी कहते थे कि रुपये से सरकार की साख भी गिरती है। अब इस सरकार की तो साख ही नहीं है इसलिए इन्हें रुपये के अवमूल्यन की परवाह नहीं है।

## जयपुर में आयोजित 'नवगीत दिवस समारोह' में अलवर के गीतकार 'राग' व दिवाकर हुए सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जयपुर की साहित्यिक संस्था जयपुर काव्य साधक एवं समरस साहित्य सृजन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 'नवगीत कुटुंब' की ओर से कीर्तिशेष नवगीत - कवि राजेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा संपादित प्रथम नवगीत संकलन 'गीतांगिनीग' के प्रकाशन दिवस 05 फरवरी को 'नवगीत दिवस' के रूप में देशभर में मनाया गया।जयपुर में दिनांक 05 फरवरी को दोपहर 12 बजे से शाम 04 बजे तक दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन के पास शान्ति नगर स्थित हनुमान वाटिका में आयोजित नवगीत दिवस समारोह की अध्यक्षता - ख्यातिलब्ध नवगीत - कवि मुकुट सक्सेना ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित नवगीत कवि जगदीश मोहन रावत उपस्थित रहे , नवगीत दिवस समारोह में अलवर के वरिष्ठ कवि एवं साहित्यिक संस्था - 'सृजक' के सचिव रामचरण 'राग' ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होकर 'समकालीन संदर्भ में नवगीत की प्रासंगिकता' - विषय पर पत्रवाचन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जगदीश मोहन रावत , अध्यक्षता कर रहे मुकुट सक्सेना, जितेन्द्र माथुर व लक्ष्मण 'रामानुज' जैसे साहित्यकारों ने नवगीत की यात्रा , स्वरूप , संवेदना एवं विकास पर व्यापक विमर्श किया , विषय प्रवर्तन समालोचक नवगीत कवि व कार्यक्रम संयोजक अशोक शर्मा कठेटिया ने किया। इस अवसर पर दूसरे सत्र में गीत - गोष्ठी आयोजित हुई जिसमें अलवर के वरिष्ठ साहित्यकार एवं सृजक संस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष - गोकुल राम शर्मा 'दिवाकर' अपने गीत - ' ए प्यासे पंछी पर पसार ' गीत सुनाकर समां बाँध दिया, गीत गोष्ठी का शुभारंभ डॉ0 अंजू सक्सेना ने सरस्वती वंदना के सरस पाठ से किया , नवगीत गोष्ठी में अशोक शर्मा कठेटिया, रामचरण 'राग', किशोर पारिक 'किशोर' , जे पी माथुर, राज कुमार चौहान, सुशीला शर्मा , गोप कुमार मिश्र आदि अनेक कवियों ने अपने ताज़ा गीत - नवगीतों से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जयपुर में आयोजित नवगीत दिवस समारोह में अलवर के गीतकार रामचरण 'राग' एवं गोकुल राम शर्मा 'दिवाकर' को शॉल , माला , पटका एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।




## अपने वाहन में यात्रा करने से पूर्व यातायात नियमों का करें पालन-विश्नोई

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र के बाई पास रोड़ स्थित सेंट जेवियर स्कूल में गुरुवार को उड़ान महोत्सव का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी देवेंद्र कुमार बिश्नोई रहे।विश्नोई ने इस मौके पर कहा कि विद्यार्थी या समाज का कोई भी व्यक्ति यदि अपने वाहन से चल रहा है तो यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सडक़ सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है औऱ रहेगी अन्यथा दुर्घटना होती हैं औऱ होती रहेंगी !विश्नोई ने कहा कि बिना हेलमेट पहने,सीट बैल्ट नहीं लगाने पर और यातायात नियमों की पालना नहीं करने से होने वाली सडक़ दुर्घटना स्वयं की गलती होती है !उन्होंने कहा कि वाहन चलाने से पूर्व दुपहिया वाहन चालक हेलमेट पहने व चौपहिया वाहन में सवार सभी लोग सीट बेल्ट का स्तेमाल आवश्यक रूप से करें !विश्नोई ने कहा कि अपने परिवार सहित समाज के अन्य सदस्यों को भी इसके लिए प्रेरित करें जिससे दुर्घटनाओं की सम्भावना कम से कम हों।कार्यक्रम का शुभारम्भ आचार्य बलराम दास महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया।सेंट जेवियर के चेयरमैन डॉ आर सी यादव व निदेशक अशोक कुमार ने सभी अतिथियों का माला साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया।इस मौके पर बानसूर वृतांधिकारी मेघा गोयल ने संस्कार युक्त शिक्षा की बात कही।डॉ विजय पाल यादव ने गीता के उपदेशों का अनुसरण की बात कही।डॉ अजय गुर्जर ने उच्च शिक्षा पर जोर दिया !इस मौके पर बानसूर थाना अधिकारी राजेश कुमार यादव,पूर्व सीबीईओ मनोज शेखावत,पूर्व सरपंच नरेश यादव ने भी अपने विचार रखे।कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों सहित विद्यालय स्टॉफ व विद्यार्थियों सहित अभिभावक काफ़ी संख्या में मौजूद रहे।मंच का संचालन नरेश कुमार सैनी ने किया।



## कृषक हित में संचालित तारबंदी, पाइप लाइन जैसी योजनाएं किसानों के लिए हो रही कारगर साबित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राज्य सरकार द्वारा ग्राम-2026 की तैयारियों एवं ग्रामीण उत्थान को गति देने के उद्देश्य से जिले के गिरदावर सर्किल पर आयोजित किए जा रहे ग्राम उत्थान शिविर में जिले के किसानों के लिए राहत लेकर आ रहे हैं। शिविरों में जहां आमजन के मूलभूत काम होने से खुशी का माहौल है, वहीं सरकार की कल्याणकारी योजनाएं अंतिम पंक्ति तक व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा से जोडने में कारगर साबित हो रही है। अलवर उपखण्ड के गिरदावर सर्किल बहादुरपुर में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर में बहादुरपुर पट्टी कटला निवासी रामसिंह गुर्जर को कृषि विभाग की तारबंदी योजना, पाइपलाइन योजना, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना एवं निःशुल्क बीज का लाभ प्रदान किया गया। लाभार्थी रामसिंह गुर्जर ने बताया कि आवारा पशुओं से फसल के बचाव हेतु खेत में तारबंदी के लिए शिविर में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा तारबंदी, पाइपलाइन योजना, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना की जानकारी प्रदान कर योजना में मिलने वाले अनुदान के बारे में बताया गया। योजना में आवेदन करने के बाद मेरा भौतिक सत्यापन मौके पर ही कराया गया तथा मुझे योजना के तहत अनुदान राशि का लाभ प्रदान किया गया। वहीं कृषि विभाग द्वारा निःशुल्क सरसों एवं बाजरे के बीज प्रदान किए गए।

## मेरे जीवन का मुख्य उद्देश्य जन सेवा और जीव सेवा-बोहरा

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित एसएमएस परिसर में भाजपा मण्डल अध्यक्ष राकेश सिंघल के नेतृत्व में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ शशिकांत बोहरा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ शशिकांत बोहरा ने कहा कि मेरे जीवन का उद्देश्य जनसेवा और जीव सेवा करना है। यदि चींटी की भी हमारे द्वारा मौत होती है तो मैं उसकी मृत्यु भी हत्या की श्रेणी में मानता हूँ।उन्होंने कहा कि भारत ऐसा राष्ट्र है जो हिंसा में नहीं अपितु अहिंसा में विश्वास रखता है। हम सब देशवासियों का कर्तव्य भी यही बनता है कि हम हमारे पुरखों के द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलें,जिससे भारत पुनः विश्वगुरु बन सके। वहीं इस मौके पर बोलते हुए भाजपा के पदाधिकारी दीपक शास्त्री ने कहा कि गुरूजी का जन्मदिन मनाकर भाजपाईयों द्वारा उनके दीर्घायु होने,स्वस्थ रहने सहित सफल जीवन की कामना की है। इस मौके पर ब्राह्मण समाज के पुरोधा सेवानिवृत प्रधानाध्यापक गिरधारी लाल ढांचोलिया,भाजपा के समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्त्ता जयप्रकाश शर्मा,मंजू शर्मा,राखी गुप्ता,नीलम जैन,राकेश सिंघल,राजेश सिंघल,अनील सिंघल,संदीप जाट,एडवोकेट लक्ष्मण महावर, रिंकू गुवारिया, प्रकाश गुर्जर सहित अनेक भाजपाई मौजूद रहे। वहीं देर रात्रि से डॉ शर्मा को दूरभाष पर भाजपा के वरिष्ठ और कनिष्ठ नेताओं सहित विधायक, सांसद और मंत्री लगातार शुभकामनाएँ दे रहें हैं उधर बानसूर के राजकीय अधिकारी कर्मचारी भी बिना तश्वीर लिए डॉ शशिकांत बोहरा को जन्मदिन की शुभकामनाएँ देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना कर रहे हैं।



सहायता राशि मिलने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जताया आभार

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मंजू देवी को मिली 6 हजार की आर्थिक सहायता राशि

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में आयोजित किए जा रहे ग्राम उत्थान शिविर आमजन के सपने साकार करने की दिशा में मील का पत्थन का साबित हो रहे हैं। शिविरों में ग्रामीणों के मौके पर ही मूलभूत कार्य पूर्ण कर केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। जिले के गिरदावर सर्किल गोविन्दगढ के अटल सेवा केंद्र में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर में गांव अलघाना निवासी मंजू देवी को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से जोडकर लाभांवित किया गया। योजना के तहत लाभार्थी के खाते में 6 हजार रूपये की सहायता राशि पहुंचने पर लाभार्थी की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। लाभार्थी मंजू देवी बताती है कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में आंगनबाडी कार्यकर्ता ने शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच के साथ-साथ पोषण आदि के लिए सहायता राशि दी जाती है। गर्भावस्था में सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले लाभ के लिए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में गांव के आंगनबाडी केंद्र पर पंजीकरण कराया था। योजना के तहत सहायता राशि मिलने पर लाभार्थी मंजू देवी ने सरकार का आभार जताया।



## कलक्टर अर्तिका शुक्ला की पहल पर बालिका शिक्षा प्रोत्साहन के लिए ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों एवं आंगनबाडी केंद्रों में बनेंगे 102 बालिका शौचालय

### तीन माह में बनेंगे शौचालय, नए सत्र में मिलेगी सुविधा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अभिनव पहल पर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने एवं सरकारी विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों के शौचालय विहिन सरकारी विद्यालयों एवं आंगनबाडी केंद्रों में 102 बालिका शौचालयों का निर्माण कार्य की स्वीकृतियां जारी कर तीन माह में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गए हैं। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सालुखे गौरव रवीन्द्र ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशन पर जिले के कठूमर, गोविंदगढ़, रामगढ़, थानागाजी, मालाखेडा, रैणी, राजगढ़, उमरैण एवं लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों एवं आंगनबाडी केंद्रों का ब्लॉकवार सर्वे कराया गया, जिसके आधार पर 37 राजकीय विद्यालयों एवं 65 आंगनबाडी केंद्रों में बालिका शौचालयों का निर्माण आगामी तीन माह में कराया जाएगा, जिससे आगामी सत्र में छात्राओं को स्वच्छ, सुरक्षित और गरिमामय वातावरण मिल सकेगा। शौचालयों की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी तथा बुनियादी सुविधा की उपलब्धता से बालिकाओं की विद्यालय एवं आंगनबाडी केंद्रों में उपस्थिति बढ़ेगी और ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी।

## टेल क्षेत्र में नहरी पानी की मांग

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** उपखंड के किसानों ने टेल क्षेत्र की नहरों में नहरी पानी की मांग को लेकर प्रशासन को अवगत कराया। टेल क्षेत्र के किसानों ने बताया कि नहरों में पानी नहीं आने के कारण किसान परेशान है। टेल क्षेत्र में वर्तमान में गेंहू की फसल में सिचाई के लिये पानी की आवश्यकता है और नहरों में पानी रीत गया है जिससे किसान सिंचाई के लिए परेशान हो रहे हैं। झपायता के किसान रामेश्वर नागर व नहर अध्यक्ष धनपाल मीणा ने बताया कि कापरेन ब्रांच झपयता माइनर मुख्य ब्रांच प्रतापगढ़ माइनर रामगंज, डपटा तथा



नोताडा माइनर पानी के अभाव में रीति पड़ी है। किसानों द्वारा प्रशासन को पानी की मांग को लेकर बार बार अवगत कराने के बाबजूद भी प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा। टेल क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांवों के किसानों ने बताया कि गेंहू की फसल में बालियां निकलना शुरू हो गया है और गेंहू बनने लगे है ऐसे में गेहूं की फसल को एक सफ्ताह में पानी नही मिला तो फसल का उत्पादन प्रभावित होगा किसानों ने सीएडी प्रशासन से क्षेत्र में नहरी पानी उपलब्ध करवाने की मांग की।

## बूंदी की कीर्ति सुखवाल बनीं राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव, पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा की स्वीकृति से राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की चौथी सूची जारी कर दी गई है। इस सूची में बूंदी जिले की सक्रिय और जुझारू नेत्री कीर्ति सुखवाल को प्रदेश महासचिव के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है।



**अनुभव और सक्रियता का मिला सम्मान :** कीर्ति सुखवाल लंबे समय से शहरी विकास एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में धरातल पर कार्य कर रही हैं। पार्टी नेतृत्व ने उनके प्रशासनिक अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और ज़मीनी राजनीति पर उनकी मजबूत पकड़ को देखते हुए उन्हें इस बड़ी जिम्मेदारी के लिए चुना है। उनकी इस नियुक्ति से न केवल बूंदी जिले में, बल्कि पूरे प्रदेश में महिला कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

**नेतृत्व का जताया आभार :** अपनी नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए कीर्ति सुखवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्षा सारिका सिंह एवं समस्त शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया है। पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाऊँगी। मेरा लक्ष्य महिलाओं, युवाओं और आमजन की आवाज़ को संगठन के माध्यम से मजबूती से उठाना है। हम संघर्ष और सेवा के दम पर संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

**— कीर्ति सुखवाल, नवनियुक्त प्रदेश महासचिव**

**संगठन को मिलेगी मजबूती :** कीर्ति सुखवाल की नियुक्ति पर स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे सही समय पर सही निर्णय बताया है। राजनीतिक गलियारों में माना जा रहा है कि उनकी सक्रियता से आगामी समय में महिला कांग्रेस का जनाधार और अधिक मजबूत होगा।

## संरक्षित खेती से सुधरी धर्मराज की आर्थिक स्थिति

### पॉलीहाउस के लिए राज्य सरकार से मिली 24 लाख रुपए की सब्सिडी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.स.)।** लाडपुरा पंचायत समिति के सोहनपुरा गांव निवासी धर्मराज लोधा ने वर्ष 2024-25 में राज्य सरकार की संरक्षित कृषि के तहत पॉलीहाउस एवं शेडनेट के माध्यम से खेती करने पर दी जाने वाली सब्सिडी योजना के तहत डेढ़ बीघा जमीन पर 32 लाख रुपये की लागत से पॉलीहाउस बनवाया। इसमें से करीब 24 लाख रुपये उन्हें राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी के रूप में मिले



और 8 लाख रुपए उन्हें खर्च करने पड़े। उन्होंने पॉलीहाउस में खीरा उगाया और पहली बार में 60 टन खीरा उगाकर करीब 6 लाख रुपए की आय प्राप्त की। डेढ़ बीघा जमीन पर संरक्षित कृषि से छह माह में ही करीब 6 लाख रुपये कमाने से उनकी आर्थिक स्थिति में बदलाव आया। धर्मराज ने बताया कि खीरे की दूसरी फसल भी उनके पॉलीहाउस में शीघ्र ही तैयार हो जाएगी। 10 माह के अंतराल में महज डेढ़ बीघा जमीन पर संरक्षित खेती से धर्मराज करीब 10 से 12 लाख रुपए की आय प्राप्त करेंगे। गुरुवार को लाडपुरा पंचायत समिति के काल्याखेड़ी गांव में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर में आए धर्मराज ने बताया कि वे अन्य किसानों को भी संरक्षित खेती अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों, प्रगतिशील कृषकों एवं कृषि अनुसंधान केन्द्र के माध्यम से किसानों को संरक्षित खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जहां 25 बीघा जमीन पर साधारण कृषि में वर्ष भर मेहनत करने वाला किसान अतिवृष्टि, पाला एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं का सामना करते हुए मुश्किल से 5 से 6 लाख रुपये बचा पाता है, वहीं पॉली हाउस खेती में अतिवृष्टि और पाले से फसल नष्ट होने का कोई खतरा नहीं होता और ना ही फसल बीमा कराने की आवश्यकता पड़ती है।

# केडिए का अतिक्रमण के खिलाफ चला बुलडोजर:तालाब की जमीन पर भूमाफियाओं ने काटे 100 से ज्यादा भूखंड, अवैध दुकान-मकान तोड़े

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.स.)।** कोटा विकास प्राधिकरण का अवैध अतिक्रमण के खिलाफ पीला पंजा चला। केडीए ने गुरुवार को तालाब की जमीन पर अवैध रूप से किए गिए अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया। थेकड़ा के पास शिवसागर तालाब पर वर्षों से हो रहे अवैध निर्माण को केडीए ने कार्रवाई कर ध्वस्त किया।

भूमाफियाओं ने तालाब की जमीन पर अवैध रूप से करीब 100 से ज्यादा भूखंड काट दिए, जिनमें फार्म हाउस, शोरूम, गोदाम और मकान बना दिए गए थे। यह 28 हेक्टेयर का गैर मुमकिन तालाब के नाम दर्ज भूमि का हिस्सा है। दरअसल, अवैध रूप से किए गए



अतिक्रमण को हटाने के लिए केडीए के अधिकारी बुलडोजर और अन्य मशीनरी लेकर मौके पर पहुंचे थे, जहां कुछ लोगों ने कार्रवाई का विरोध भी किया, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस की टीम ने स्थिति को संभाला। कार्रवाई में बड़ी संख्या में अवैध रूप से बाउंड्री वॉल किए गए प्लाट और मकानों को तोड़ा गया। इनमें कुछ बड़ी दुकानें भी शामिल हैं, जिनमें शोरूम या फिर गोदाम संचालित किया जा रहे थे। इलाके में लंबे समय से अतिक्रमण हो रहे थे। पहले भी यहां से अतिक्रमण हटाए गए थे, लेकिन लोगों ने फिर से यहां अतिक्रमण कर लिए थे। जिनकी शिकायत बार-बार अधिकारियों को मिल रही थी। इस कार्रवाई के लिए केडीए की उप सचिव मालविका त्यागी, तहसीलदार हिम्मत सिंह और डीएसपी रुद्र प्रताप शर्मा के साथ टीम मौके पर पहुंची। एहतियातन तौर पर तीन थानों का जाब्ता और पांच थाना अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस ने इस पूरे एरिया पर ड्रोन सर्विलांस से नजर बनाए रखी।तिक्रमण कर लिए थे। जिनकी शिकायत बार-बार अधिकारियों को मिल रही थी।

**पहले मकानों को कराए खाली, फिर किया ध्वस्त**

कार्रवाई के दौरान 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात थे। पहले लोगों को जिन्होंने अवैध मकान बना लिए थे, उनसे मकान खाली करवाए गए और उसके बाद उन्हें ध्वस्त कर दिया गया। साथ ही अतिक्रमियों को चेतावनी दी है कि अगर दोबारा यहां अतिक्रमण हुआ तो अब कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पेयजल संकट पर ताक़ली बांध विस्थापितों का आक्रोश, रघुनाथपुरा-तम्बोलिया-दारिया-दुर्काली-साहनूपुरा के ग्रामीण 3 घंटे सड़क पर बैठे

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (नि.स.)।** उपखण्ड क्षेत्र में ताक़ली बांध डूब क्षेत्र से विस्थापित गांवों के लोगों ने गुरुवार को पेयजल समस्या और पाइपलाइन मरम्मत की मांग को लेकर चेचट (गोयंदा-मदनपुरा) मार्ग पर धरना देकर सडक़ जाम कर दिया। रघुनाथपुरा, तम्बोलिया, दारिया, दुर्काली और साहनूपुरा के ग्रामीण बर्तन लेकर सडक़ पर बैठ गए और जलदाय विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन सुबह करीब 9 बजे शुरू हुआ और दोपहर 12 बजे तक चलता रहा।

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले आठ दिनों से घरों में पीने का पानी नहीं पहुंचा है। पहले 7 टैंकरों से पानी की सप्लाई की जा रही थी, जिसे घटाकर 2 कर दिया गया और बाद में टैंकर सप्लाई भी बंद कर दी गई। पेयजल के लिए डाली गई पाइपलाइन कई जगह से क्षतिग्रस्त पड़ी है, लेकिन शिकायतों के बावजूद मरम्मत नहीं की गई।

ग्रामीणों ने बताया कि नूरपुरा में पानी की टंकी बनी हुई है, लेकिन



सडक़ निर्माण कार्य के दौरान मुख्य पाइपलाइन तोड़ दी गई, जिसके बाद से सप्लाई प्रभावित है। दारिया, दुर्काली और रघुनाथपुरा की ओर अब तक नई पाइपलाइन भी नहीं डाली गई है, जिससे इन बस्तियों को टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

विधानसभा चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में सिंचाई विभाग और पीएचईडी अधिकारियों ने तीन माह में टंकी से जल सप्लाई शुरू कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन ढाई वर्ष बाद भी जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी। विस्थापन के बाद से ही बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे ग्रामीणों में इसको लेकर भारी आक्रोश है।

धरना-प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने पानी, बिजली, सडक़ और पाइपलाइन मरम्मत की मांग उठाई। उनका कहना था कि रोज पानी के लिए जूझना पड़ रहा है— ऐसे में मजदूरी करें या पानी की व्यवस्था करें। ग्रामीण अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे।

करीब तीन घंटे तक चले धरने के बावजूद कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। बाद में पीएचईडी अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर टैंकर भेजने और समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद जाम खोला गया।

## बूंदी में परिवहन विभाग का बड़ा एक्शन: अवैध ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर चला चाबुक



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिले में अवैध और ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के खिलाफ परिवहन विभाग ने अब तक की सबसे बड़ी और सख्त कार्यवाही को अंजाम दिया है। जिला परिवहन अधिकारी सौम्या शर्मा के निर्देशन में विभाग की उडऩ दस्तों ने सडक़ों पर उतरकर नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहनों को आड़े हाथों लिया।

**कुल 18 ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज :** नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर 18 वाहनों को मौके पर ही जब्त किया गया। परिवहन विभाग ने इन वाहनों पर कुल 4.5 लाख रुपये का जुर्माना ठोंका है। अचानक हुई इस सर्जिकल स्ट्राइक से वाहन संचालकों में अफरा-तफरी मच गई। स्थिति ऐसी थी कि कई चालक तो अपने वाहन बीच सडक़ पर ही छोडक़र रफूचक्कर हो गए।

**एसोसिएशन की मांग पर त्वरित एक्शन :** आपको बता दें कि ऑल इंडिया मोटर व्यवसाय एसोसिएशन ने पिछले दिनों अवैध रूप से संचालित ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाने की मांग की थी। एसोसिएशन की इसी शिकायत पर संज्ञान लेते हुए विभाग ने यह मोर्चा खोला। नियमों के विरुद्ध सडक़ पर दौडऩे वाले वाहनों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

**सौम्य शर्मा जिला परिवहन अधिकारी बूंदी :** इस संयुक्त कार्यवाही को परिवहन निरीक्षक हंसराज मीणा एवं धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। टीम में परिवहन कार्मिक कैलाश मीणा, रघुवीर हाड़ा, मामराज मीणा, दीनदयाल भड़ाना, रामचंद्र मीणा एवं राम सिंह मीणा शामिल रहे। इनकी मुस्तैदी के चलते विभाग इतनी बड़ी संख्या में वाहनों को पकडऩे में सफल रहा।

## श्री सुविधिनाथ स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर में हुआ ध्वजा महोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** गुरुवार को फाल्गुन वदी चतुर्थी को नीचे बाजार स्थित श्री सुविधिनाथ स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर के षष्टम वर्षगाँठ के प्रसंग पर सिरोही निवासी शासनरत्न श्री मनोज भाई बाबुमल जी हरण की प्रेरणा से मंदिर के मुख्य शिखर एवं श्री सिद्धचक्र पट, श्री गौतम स्वामी, श्री जिनकुशल सूरी दादा गुरुदेव के शिखर पर ध्वजा चढ़ाने का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम परमात्मा की स्नात्र पूजन हुई स्नात्र पूजन के बाद सभी ध्वजा का वरघोड़ा(जुलूस) निकाला गया जो मंदिर से प्रारम्भ होकर बाजार न 2 होते हुए पुनः मंदिर पर पहुचा। जुलुस के बाद सत्तरभेदी पूजन प्रारंभ हुआ जिसमें परमात्मा की नव्हण, विलेपन,वस्त्र युगल, वास चूर्ण, पुष्प, पुष्पमाला, पुष्पनी, सुगंधित चूर्ण ऐसे 8 पूजाये संपन्न हुई नवमीं ध्वजा पूजा में सभी ध्वजा की अष्टप्रकारी पूजन की गयी ओर



सभी समाजजनो ने ध्वजा को लेकर परमात्मा की प्रदक्षिणा दी एवं विजय मुहूर्त 12:39बजे ध्वजा को शिखर पर चढ़ाया गया एवं पुनः पंचवर्णा ध्वजा, आभूषण, पुष्पधर, पुष्प वर्षा, अष्ट मांगलिक, धूप उत्क्षेप, गीत, नृत्य व वाद्य इत्यादि पूजन संपन्न किये। पूजन संबंधी सभी क्रियाये एवं भक्ति रावतभाटा के संगीतकार एवं विधिकारक अर्पित जैन बरडिया ने करवाई एवं परमात्मा के भाव विभोर करने वाले भजन गाकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बनाया। तत्पश्चात स्वामीवात्सल्य हुआ।

स्नात्र पूजन, वरघोड़े, सत्तरभेदी पूजन, ध्वजा चढ़ाने एवं स्वामीवात्सल्य का सम्पूर्ण लाभ श्रीमान डी सी कोठारी परिवार द्वारा लिया गया। सभी कार्यक्रम में समाज के सभी पुरूष, महिलाएं एवं बच्चे बढ़चढ़ कर सम्मिलित हुए। श्री जैन श्वेताम्बर श्री संघ रावतभाटा द्वारा सम्पूर्ण कार्यक्रम के लाभार्थी कोठारी परिवार का तिलक लगा के माला पहना कर एवं शॉल उड़ा के बहुमान किया गया एवं परिवार की भूरी भूरी अनुमोदना की जो उन्होंने जिनशासन की शोभा बढ़ाने के लीये इतना सुंदर लाभ लिया और पूरे भाव से सभी कार्यक्रम को सफल किया साथ ही श्वेतांबर जैन समाज के एल सी लोढ़ा जो पूर्व में हेवीवाटर प्लांट से जनरल मैनेजर के पद से सेवानिवृत्त हुए का भी बहुमान किया गया।

**खेतों की तारबंदी के बाद फसलें हुई सुरक्षित**

## किसान दुर्गालाल को मिली तारबंदी योजना में 40 हजार रुपए की सब्सिडी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राज्य सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे विशेष ग्राम उत्थान शिविरों में ग्रामीणों को राहत मिल रही है। राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने से ग्रामीण खुश हैं। कृषि विभाग की योजनाओं से ग्रामीणों को काफी लाभ मिला है। लाडपुरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत काल्याखेड़ी में गुरुवार को आयोजित ग्राम उत्थान शिविर में किसान दुर्गालाल जी के चेहरे पर खुशी थी। दुर्गालाल जी को राज्य सरकार की तारबंदी योजना के तहत अपने खेतों के चारों ओर तारबंदी करने पर 40 हजार रुपए के अनुदान की राशि मिली है। तारबंदी योजना में अनुदान के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा एवं राज्य सरकार को धन्यवाद दिया।



दुर्गालाल जी को पहले फसल को आवारा जानवरों से बचाने के लिए रातभर जागकर खेतों की सुरक्षा करनी पड़ती थी या खुद के पैसे खर्च कर रखवाली करवानी पड़ती थी। दुर्गालाल जी एवं उनकी पत्नी मानकंवर दोनों ने कृषि विभाग के अधिकारियों के माध्यम से तारबंदी योजना के तहत सब्सिडी के लिए ऑनलाइन आवेदन किया। आवेदन करने के बाद उनके खातेदारी के खेतों के खसरा नंबर का प्री-वेरिफिकेशन हुआ और तारबंदी योजना के तहत अनुदान की प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी गई। प्रशासनिक स्वीकृति के बाद दोनों ने अपने खातेदारी के खेतों के चारों ओर तारबंदी का कार्य करवाया। तारबंदी का कार्य पूरा होने के बाद वित्तीय स्वीकृति के आदेश जारी हुए और उन्हें सब्सिडी राशि मिली। खेत की तारबंदी होने के बाद दुर्गालाल जी को अब आवारा पशुओं द्वारा फसल नष्ट किए जाने और खेतों की रखवाली की चिंता नहीं करनी पड़ती उनकी फसल सुरक्षित हो गई है। उन्होंने तारबंदी योजना में अनुदान के लिए मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। दुर्गालाल जी को पिछले वर्ष राज्य सरकार की एक अन्य योजना रोटावेटर का भी लाभ मिल चुका है। उनके खेतों में अब पराली जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। साथ ही, पराली से खाद बनाने में भी समस्या नहीं आती।

**सरकारी भवनों पर सोलर संयंत्र स्थापना की गति बढ़ाए**

## ‘आमजन को घर की छत पर सोलर संयंत्र लगाने के लिए प्रोत्साहित करें’

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.स.)।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जेवीवीएनएल एवं केईडीएल अधिकारियों की बैठक में पीएम सूर्यघर योजना के तहत राजकीय भवनों एवं आवासीय भवनों के सोलराइजेशन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने केईडीएल को शहरी क्षेत्र एवं जेवीवीएनएल को ग्रामीण क्षेत्र में छतों पर सौर संयंत्र की स्थापना के लक्ष्य तय समय पर पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को घर की छतों पर सोलर संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए एवं इसके लिए पीएम सूर्यघर योजना के तहत दी जाने वाली सब्सिडी की जानकारी दी जाए। बैठक में अधीक्षण अभियंता कोटा वृत्त,



जयपुर डिस्कॉम शिवचरण जांगिड़ ने बताया कि पीएम सूर्यघर योजना में जेवीएनएनएल के क्षेत्राधिकार में एक हजार चार सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। केईडीएल के क्षेत्राधिकार में 3 हजार 944 में सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इस प्रकार 6 हजार 163 के लक्ष्य के मुकाबले अभी तक 4 हजार 948 संयंत्र स्थापित हो चुके हैं। सरकारी भवनों के सोलराइजेशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 456 सरकारी भवनों का सर्वे इन्सोलेशन एनर्जी लि. द्वारा किया गया और 30 सरकारी भवनों पर सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। शहरी क्षेत्र में 183 भवनों का सर्वे जीसीकेसी प्रोजेक्ट एण्ड वर्क्स द्वारा किया जा चुका है।

जिला कलक्टर ने सरकारी भवनों पर सोलर संयंत्र स्थापना की बहुत कम प्रगति को गंभीरता से लेते हुए गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

श्री समारिया ने बजट घोषणाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। अधीक्षण अभियंता कोटा वृत्त, जयपुर डिस्कॉम ने बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आदर्श सौर ग्राम बनाने के लिए कनवास का चयन किया गया है। इसमें दो मेगावाट क्षमता के डी-सेंट्रलाइज्ड सोलर पावर प्लांट की स्थापना की जाएगी। वर्तमान में पीडीकोर द्वारा सर्वे का कार्य किया जा रहा है। योजना के तहत आदर्श सौलर ग्राम को एक करोड़ की केन्द्रीय वित्तीय सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि बजट घोषणाओं के तहत खातोली में एईएन कार्यालय का 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है जबकि रानपुर में एईएन कार्यालय के लिए भूमि आवंटित की जा चुकी है। अर्जुनपुरा एवं नॉर्दन बाईपास के पास 33/11 केवी के 240 जीएसएस निर्माण कार्य की बजट घोषणा में अर्जुनपुरा के कार्य पूर्ण हो चुके हैं जबकि नॉर्दन बाईपास के पास सिविल एवं इलेक्ट्रिकल कार्य 95 प्रतिशत पूरा हो गया है। जिला कलक्टर ने कुसुम योजना के तहत कृषि विद्युत कनेक्शन की प्रगति की भी जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि जनवरी 2026 तक 111 स्टैंड अलोन सोलर पंप स्थापित किए जा चुके हैं। आरडीएसएस के तहत कृषि फीडर एवं अन्य फीडरों को अलग करना, 33 लाईन विभक्त करना एवं 11 केवी लाईन विभक्त करना, एबी केबल डालना जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

# वसुंधरा समर्थक मंच ने नारी शक्ति को बढ़ावा देने के लिए मंहेंदी प्रतियोगिता की आयोजित- एड. विजय भारद्वाज

## राजस्थान की पूर्व मुख्यमत्री एवं उनके सांसद पुत्र दुष्यंत राजस्थान के पंचायत , नगर निकाय व नगर पालिका एवं 2028 की तैयारीयों को लेकर कर रहे हैं, प्रदेश की पदयात्रा

बढ़ता राजस्थान






**पाली/भरतपुर( घनश्याम शर्मा )।** वसुंधरा समर्थक मंच द्वारा पाली जिले में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक आयोजन किया गया, जो नारी शक्ति, कला, संस्कार संस्कृति को समर्पित है। यह भव्य मेहंदी प्रतियोगिता केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी बेटियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और हुनर को मंच देने का एक सशक्त प्रयास है। इस गरिमामयी आयोजन का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट विजय भारद्वाज , प्रदेश मीडिया प्रभारी घनश्याम अवस्थी, प्रदेश संगठन मंत्री शिवम लवानिया, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा ज्योति शर्मा, ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि नारी शक्ति को भाजपा की रीतिनीति एवं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी , मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं राजस्थान की पहली महिला मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के कार्यकाल में जो विकास कार्य हुये वो राजस्थान में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं, नरेन्द्र भाई मोदी ने देश का स्वर्ण अक्षरों में स्थापित किया है, जो भुलाये नहीं भूला जा सकता। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दो साल के कार्यकाल में रिफायनरी व महिला कल्याण के लिये जो कार्य किये जा रहे हैं, वो सराहनीय है, इसलिए समस्त नारी शक्ति से अपील करते हैं, कि वे भाजपा का दामन थामें जिससे नारी शक्ति आत्मनिर्भर बन सके। चारों नेताओं ने आगे बताते हुये कहा कि राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया व उनके पुत्र सांसद दुष्यन्त सिंह राजस्थान में होने जा रहे पंचायत चुनाव व नगर निगम, नगर पालिका में भाजपा का वर्चस्व कायम को इसके लिए वे राजस्थान में पदयात्रा कर रहे हैं, ये पदयात्रा अब पूरे राजस्थान में होगी ।

पत्रकारों के सवाल का उत्तर देते हुये नेताओं ने कहा कि भाजपा को सशक्त बनाने के लिये 2028 में होने वाले विधानसभा चुनावों में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी एवं अमित शाह का परचम लहरा सकें , इसके लिये ये पदयात्रा की जा रही है।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आयोजक , रवि माली के अथक प्रयासों और समर्पण से पाली जिले में यह ऐतिहासिक प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह कार्यक्रम वसुंधरा राजे समर्थक मंच राजस्थान के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें पाली जिले के विभिन्न गांवों, कस्बों और शहरों से बड़ी संख्या में बेटियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । वसुंधरा राजे समर्थक मंच राजस्थान की पाली जिले की पूरी टीम की ओर से इस सफल आयोजन के लिए प्रदेशाध्यक्ष विजय भारद्वाज , प्रदेश मीडिया प्रभारी घनश्याम अवस्थी, प्रदेश संगठन मंत्री शिवम लवानिया, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा ज्योति शर्मा, और आयोजक रवि माली का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। साथ ही सभी प्रतिभागी बहनों-बेटियों को शुभकामनाएं देते हैं कि वे इसी तरह आगे बढ़ें और समाज में अपनी अलग पहचान बनाएं।

## धौलपुर में 95 सहायक उप निरीक्षकों का तबादला : एसपी विकास सांगवान ने देर रात जारी की सूची

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर एसपी विकास सांगवान ने देर रात 95 नव पदोन्नत सहायक उप निरीक्षकों (एएसआई) की तबादला सूची जारी की है। इस सूची में लोकेंद्र सिंह को टाउन चौकी कोतवाली का प्रभारी बनाया गया है, जबकि मुकेश शर्मा को रेल चौकी कोतवाली की जिम्मेदारी दी गई है।

हाल ही में पदोन्नति परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद जिले के 95 हेड कांस्टेबल सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए थे। परिणाम आने के बाद एसपी ने इन सभी सहायक उप निरीक्षकों को फील्ड में तैनाती दी है। इनमें से 13 नव पदोन्नत एएसआई को एसपी ऑफिस, एडिशनल एसपी ऑफिस और सीओ ऑफिस में नियुक्त किया गया है।

जारी सूची के अनुसार, नव पदोन्नत सहायक उप निरीक्षक प्रद्युम्न सिंह को चौकी जसूपूरा, राजकुमार डागुर को चौकी हाउसिंग बोर्ड, कलेक्टर सिंह को चौकी बिजौली, राजकुमार को चौकी टाउन बाड़ी, प्रदीप सिंह को चौकी गुम्मट बाड़ी और जयदेव सिंह को चौकी वन विहार बसई डांग पर तैनात किया गया है। इसी क्रम में सोनवीर सिंह को चौकी जपावली थाना कंचनपुर, गोपाल सिंह को चौकी अंडवा पुरैनी थाना दिहौली, हरवीर सिंह को चौकी झिरी सरमथुरा, अरुण शर्मा को चौकी पचगांव थाना सदर और मुकेश कुमार को डीएसटी टीम धौलपुर में नियुक्त किया गया है।

## धौलपुर में प्रतिबंधित बजरी जब्त पुलिस ने चंबल बजरी से भरा ट्रक पकड़ा, मालिक गिरफ्तार; ड्राइवर फरार

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिबंधित चंबल बजरी से भरे एक ट्रक को जब्त किया। इस कार्रवाई में ट्रक मालिक देवेंद्र सिंह पुत्र पूरन सिंह निवासी धौलपुर को गिरफ्तार किया गया, जबकि ड्राइवर रविकांत उर्फ रवि निवासी इरादत नगर, जिला आगरा (उत्तर प्रदेश) मौके से फरार हो गया।

यह कार्रवाई मध्य प्रदेश सीमा पर कोतवाली थाना क्षेत्र की सागरपाड़ा चौकी द्वारा की गई। पुलिस को ड्राइवर राजेश शर्मा से मिली सूचना के आधार पर मौके पर दबिश दी गई और अवैध रूप से परिवहन की जा रही चंबल बजरी से भरे ट्रक को पकड़ा गया।

सागरपाड़ा चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर अशोक पहलवान के नेतृत्व में यह कार्रवाई हुई। पुलिस के अनुसार, चंबल नदी क्षेत्र से बजरी का खनन और परिवहन सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के तहत पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद अवैध रूप से बजरी का परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने फरार ड्राइवर रविकांत उर्फ रवि की तलाश शुरू कर दी है और उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

## मथुरा-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग को भरतपुर से जोड़ने की मांग

### समृद्ध भारत अभियान के सीताराम गुप्ता ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )** । उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास, बेहतर सड़क कनेक्टिविटी, पर्यटन संवर्धन एवं औद्योगिक विकास की दृष्टि से मथुरा-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग को भरतपुर से जोड़ने के लिए समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि इस मार्ग के बन जाने से दोनों राज्यों के बीच यातायात सुगमता बढ़ेगी बल्कि आने वाले समय में यह पूरा क्षेत्र लॉजिस्टिक, पर्यटन और औद्योगिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण केन्द्र बनकर उभरेगा। मुख्यमंत्री के नाम लिखा यह पत्र उनके निकट सहयोगी एवं रायबरेली के बड़े राजा कौशलेन्द्र सिंह को व्यक्तिगत रूप से प्रदान किया गया है। गुप्ता द्वारा लिखे गये पत्र में कहा कि भरतपुर तक यह मार्ग बन जाने से दिल्ली-एनसीआर से भरतपुर की निर्बाध कनेक्टिविटी हो जायेगी तथा यह मार्ग दिल्ली-आगरा मार्ग का एक सशक्त वैकल्पिक कॉरिडोर बनेगा। इसी प्रकार इस मार्ग के बनने से भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, लोहागढ़ दुर्ग, डीग पैलेस एवं ब्रज की अन्य धार्मिक धरोहरों से पर्यटकों का सीधा जुड़ाव हो जायेगा जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयाँ मिल सकेंगी।

## राजस्थान रेडिएशन टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बने गौरव गोयल

### जिला अस्पताल में हुआ कार्यक्रम,गौरव का किया स्वागत, प्रदेश अध्यक्ष का आभार



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राजस्थान रेडिएशन टेक्नलॉजिस्ट एसोशिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमावत ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए धौलपुर सहित कई अन्य जिलों में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की है। जिसमें गौरव गोयल को धौलपुर की कमान सौंपी गई है। संगठन का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर गुरुवार को शहर के जिला अस्पताल में गौरव गोयल का पैथोलॉजी स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में गौरव गोयल ने कहा कि संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने उनको जो जिम्मेदारी दी है। उसका वे पूर्ण मनोयोग और ईमानदारी से पालन करेंगे। वे हमेशा कैडर के लिए में तैयार रहेंगे एवं जल्द जिले की नवीन कार्यकारिणी बनाकर प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में लैब टेक्नीशियन जयंत अरेला ने कहा कि हमें खुशी हुई है कि जिले से दूसरी बार भी जिलाध्यक्ष बाड़ी से चुना गया है और एक अच्छे कर्मठ एवं संघर्षशील व्यक्ति को जिम्मेदारी दी है। आशा करते हैं कि ये अपने दायित्व से पीछे नहीं हटेंगे और संघ को नवीन ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। इस दौरान गौरव गोयल का साफा और माला पहनाकर स्वागत किया गया।समस्त रेडियोग्राफर ओर लैब टेक्नीशियन स्टाफ ने उनको बधाई दी।

### छात्र रैली निकाल कर दिया सफाई का संदेश,

## रैली को नगरपालिका ईओ अभिताभ बच्चन मीणा ने दिखाई झंडी



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** आरयूआईडीपी के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के जागरूकता कार्यक्रम में स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किला के छात्रों द्वारा कॉलोनीयो में स्वच्छता के प्रति आमजन में जागरूकता के लिए सफाई जागरूकता रैली का आयोजन किया गया ।

रैली का उद्घाटन अधिशाषी अधिकारी अमिताभ बच्चन मीणा ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से हाथों में तख्तिया एवं विभिन्न नारो के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। मल कीचड़ उपचार प्रणाली स्न्नस्स्रू को अपनाना है गंदगी को भगाना है, हम सब का एक ही नारा स्वच्छ रहे, बाड़ी शहर हमारा, के साथ रैली किला बारी से पुराना थाना होते हुए कुशवाहा कोलोनी, किला गेट व बाइपास होते हुए वापस स्कूल प्रांगण पहुंची । कैप आरयूआईडीपी के सामाजिक विकास अधिकारी पंकज शर्मा ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए सड़कों पर कूड़ा न फैलाये, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न करें, स्वच्छता के लिए सार्वजनिक शौचालय का उपयोग करें द्य स्वच्छता आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के साथ पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने में मदद करेगी द्य जब पर्यावरण स्वच्छ होता है तो हम एक स्वस्थ और सक्रिय जीवन शैली जीते हैं द्य इसके साथ ही मल कीचड़ उपचार संयंत्र स्न्नस्ञ्जक्क निर्माण के फायदो के बारे में बताया कि आपके शहर में आरयूआईडीपी विभाग ने मल कीचड़ उपचार संयंत्र फीकल स्लज टी?टमेंट प्लांट (द्धह्यह्लश्च)का निर्माण कराया गया है । आपके घरेलू अपशिष्ट शौचालय के कीचड़ जल को संयंत्र तक ले जाया जाएगा, वहां इसको ट्रीट कर जैविक खाद बनाई जाएगी द्य जिसका उपयोग कृषि कार्य में किया जायेगा द्य नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी अमिताभ बच्चन मीणा, स्कूल के प्रधानाचार्य , हरिओम सिकरवार व अन्य अध्यापक गण तथा बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लेकर रैली को सफल बनाया एवं अपनी सहभागिता निभाई ।

## सरमथुरा अब ग्रीन हब! टिंकरिंग लैब का विदेशी मेहमानों ने किया दौरा

### पलायन रोकने वाली टिंकरिंग लैब- स्पेन-कोलंबिया के प्रतिनिधि हुए मुरीद

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी ) ।** फाउंडेशन ने रंगदे एवं 'लकासिया फाउंडेशन (स्पेन) के सहयोग से ग्रीन जॉब पहल के तहत धौलपुर जिले के सरमथुरा क्षेत्र में एक उन्नत टिंकरिंग लैब की स्थापना की है। यह लैब हरित उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण तथा युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार सृजन की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर लकासिया फाउंडेशन की ओर से स्पेन से आरियाना एवं लौरा तथा कोलंबिया से दो अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने सरमथुरा स्थित टिंकरिंग लैब का दौरा किया। प्रतिनिधियों ने लैब में संचालित गतिविधियों का विस्तृत अवलोकन किया और इसकी नवाचारी कार्यप्रणाली की खुलकर सराहना की। टिंकरिंग लैब में सरमथुरा क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को एक जीवंत मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जिसमें स्थानीय जलवायु, प्राकृतिक संसाधन, भूमि संरचना एवं आजीविका से जुड़े तत्वों को समाहित किया गया है। इस मॉडल के माध्यम से स्पष्ट किया गया कि सरमथुरा एवं धौलपुर जिले की विशिष्ट परिस्थितियों के अनुरूप महिलाएं एवं युवा कैसे ग्रीन इंटरप्रेन्योर बन सकते हैं, पर्यावरण-अनुकूल व्यवसाय अपनाकर सतत आजीविका स्थापित कर सकते हैं। मंजरी फाउंडेशन ने बताया कि सरमथुरा क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवा रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों की ओर पलायन करते हैं। टिंकरिंग लैब अब उनके लिए एक ज्ञान-केंद्र के रूप में उभर रही है, जहां वे स्थानीय स्तर पर ही ग्रीन इंटरप्रेन्योरशिप के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित करना सीख रहे हैं। यहां युवाओं एवं महिलाओं को तकनीकी कौशल, नवाचार, व्यवसायिक प्रशिक्षण, बाजार से जुड़ी जानकारी एवं उद्यमिता विकास का समग्र प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने विक्रमपुरा एवं लुधपुरा गांवों का भी भ्रमण किया।

## राजसेस को लेकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने किया विरोध प्रदर्शन

### सीएम के नाम सौंपा एसडीएम को ज्ञापन, तत्काल लगे संविदा भर्ती पर रोक

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बाड़ी महाविद्यालय इकाई ने राजसेस महाविद्यालयों की वर्तमान संकल्पना और संचालन व्यवस्था के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान प्राध्यापकों ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर काली पट्टी बांधकर और मांगों से संबंधित प्लेकार्ड लेकर अपना विरोध दर्ज कराया।

महासंघ का स्पष्ट मत है कि राजसेस योजना के तहत संचालित महाविद्यालयों का मौजूदा स्वरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मूल भावना के विपरीत है। इन महाविद्यालयों में स्थायी अकादमिक ढांचे का अभाव,अपर्याप्त अधोसंरचना और संसाधन,शोध एवं नवाचार की सीमित संभावनाएँ तथा संविदा एवं अस्थायी नियुक्तियों पर आधारित अध्यापन व्यवस्था राज्य की उच्च शिक्षा को गुणवत्ता,बहुविषयकता और अकादमिक निरंतरता से दूर ले जा रही है।

प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया गया कि 2020 से 2023 के बीच राजसेस योजना के तहत 303 नए महाविद्यालय खोले गए,और वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 2023-2025 में 71 अतिरिक्त राजसेस महाविद्यालय खोले जा चुके हैं। इससे महाविद्यालयों की कुल संख्या 374 हो गई है।

इनमें से 260 राजसेस महाविद्यालयों में आज भी एक भी स्थायी संकाय सदस्य कार्यरत नहीं है। महासंघ का कहना है कि यह स्थिति राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। महासंघ ने यह भी आरोप लगाया कि भर्ती परीक्षा कैलेंडर-2026 के माध्यम से राजसेस नियम-2023 में परिवर्तन कर पाँच वर्षों के लिए 28500 रुपये के नियत वेतन पर संविदा टीचिंग एसोसिएट और अशैक्षणिक पदों की चयन प्रक्रिया शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड को अभ्यर्थना भेजी जा चुकी है। महासंघ के अनुसार,यह व्यवस्था अस्थायी, असुरक्षित और नीति-विरोधी है,तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भावना के विपरीत है।

महासंघ ने राज्य सरकार से मांग की है कि राजसेस कॉलेजों के संबंध में गठित सोडाणी समिति की सिफारिशों को तुरंत लागू किया जाए साथ ही,राज्य में संचालित सभी राजसेस कॉलेजों को सामान्य राजकीय महाविद्यालयों के रूप में संचालित करने के स्पष्ट आदेश जारी किए जाएं और संविदा नियुक्तियों की प्रस्तावित चयन प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। विरोध प्रदर्शन के दौरान पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ.मनोज सिंह के साथ समस्त लेक्चरर और कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

# पैंक्रियाटिक कैंसर को सबसे खतरनाक कैंसर - डॉ. चरण सिंह चौधरी

## कैंसर डे पर डॉ. चरण सिंह चौधरी ने दी विशेष जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )** । कैंसर डे पर श्री जगन्नाथ पहाडिया मैडिकल कॉलेज के वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डा0 चरण सिंह चौधरी ने कृष्णा नगर स्थित आदविक कैंसर सुपरस्पेस्लिटी क्लीनिक पर जानकारी देते हुए इस पत्रकार को बताया कि अस्तावन निवासी बहादुरी उम्र 65 वर्ष जो ब्रेस्ट कैंसर की चौथी स्टेज जो कि लीवर तक फैला हुआ था कीमोथेरेपी से पूर्ण रूप से स्वस्थ है जो एक वर्ष से बिलकुल ठीक है। इसी प्रकार लुहासा नदबई निवासी रमेश उम्र 55 वर्ष जो गले के कैंसर से पीडित है, कीमोथेरेपी व रेडियोथेरेपी का उपचार लिया जो अब 2 साल से पूर्ण स्वस्थ है। डा0 चौधरी ने बताया कि पैंक्रियाटिक कैंसर को सबसे खतरनाक कैंसरों में माना जाता है, क्योंकि इसके लक्षण बहुत देर से सामने आते हैं। ज्यादातर मामलों में बीमारी तब पकड़ में आती है, जब वह काफी बढ़ चुकी होती है। इसी वजह से इसके सिर्फ 10 प्रतिशत मरीज ही 5 साल तक जिंदा रह पाते हैं। एपल के सीईओ स्टीव जॉब्स की 2011 में इसी से मौत हुई थी।

**वैज्ञानिकों ने एक साथ तीन दवाओं का इस्तेमाल किया**-डा0 चरण सिंह चौधरी ने बताया कि इस नई थेरेपी में वैज्ञानिकों ने एक साथ तीन दवाओं (जेमसिटाबीन, ऑल-ट्रांस रेटिनोइक एसिड और नेराटिनिब) का इस्तेमाल किया। इसका मकसद कैंसर के बचने के कई रास्तों को एक साथ बंद करना था। वैज्ञानिकों के मुताबिक, इससे कैंसर सेल्स खुद को बदल नहीं पाईं और इलाज असरदार साबित हुआ। मारियानो बार्बासिड पहले भी कह चुके हैं कि पैंक्रियाटिक कैंसर को एक दवा से खत्म नहीं किया जा सकता। उनका मानना है कि यह कैंसर बहुत तेजी से खुद को ढाल लेता है और इसे रोकने के लिए कई रास्तों पर एक साथ हमला करना जरूरी है।

**पैंक्रियाटिक कैंसर क्या है?**-हमारे पेट के पिछले हिस्से में एक मछली जैसा ऑर्गन होता है। खास बात ये है कि ये ऑर्गन और ग्लैंड दोनों है। ये ऐसे एंजाइम और हॉर्मोन रिलीज करता है, जिससे हमारा शरीर स्वस्थ रहता है।

पैंक्रियाज की सेल्स शरीर की सभी सेल्स की तरह एक निश्चित पैटर्न में बढ़ती और नष्ट होती हैं। डेड सेल्स को हेल्दी सेल्स खाकर खत्म कर देती हैं। कैंसर होने पर ये पैटर्न को तोड़कर कहीं ज्यादा तेजी से बढ़ने लगती हैं और मल्टीप्लाई होने लगती हैं। यही पैंक्रियाटिक कैंसर है।

**पैंक्रियाटिक कैंसर का इलाज संभव है?**-डा0 चैधरी ने बताया कि पैंक्रियाटिक कैंसर में सर्वाइवल रेट बहुत कम होता है, लेकिन अगर शुरुआती स्टेज में इसका पता लगा लिया जाए तो ट्रीटमेंट से इससे छुटकारा मिल सकती है। पैंक्रियाटिक कैंसर पूरी तरह से ठीक करने का मतलब है कि इसका सर्जिकल रिमूवल करना होगा।

**पैंक्रियाटिक कैंसर के क्या-क्या इलाज हैं...**-सर्जरी अगर कैंसर पैंक्रियाज के अलावा किसी अंग में नहीं फैला है और कैंसर को पूरी तरह बाहर निकालना संभव है।

व्हिपल प्रोसीजररू अगर पैंक्रियाज के ऊपरी सिरे पर कैंसरस ट्यूमर है तो पैंक्रियाज का ऊपरी सिरा निकाल दिया जाता है।

डिस्टल पैंक्रियाटेक्टोमी अगर पैंक्रियाज के निचले हिस्से में कैंसरस ट्यूमर है तो पैंक्रियाज का निचला हिस्सा निकाल दिया जाता है।

टोटल पैंक्रियाटेक्टोमी अगर पूरे पैंक्रियाज में कैंसर फैल गया है तो पूरा पैंक्रियाज निकाला जा सकता है। हालांकि ऐसा रेयर मामले में होता है।

कीमोथेरेपी कैंसर सेल्स को मारने के लिए, कम करने के लिए और कंट्रोल करने के लिए यह थेरेपी दी जा सकती है।

रेडिएशन थेरेपी कैंसर बहुत बढ़ने पर कीमोथेरेपी के साथ रेडिएशन थेरेपी दी जा सकती है।

## कोठारी नदी में तैरता मिला 6-7 माह की मासूम बालिका का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** मांडल थाना क्षेत्र स्थित कोठारी नदी में गुरुवार सुबह एक हृदयविदारक घटना सामने आई। पुलिया के नीचे नदी में 6-7 माह की एक मासूम बालिका का शव तैरता हुआ मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह के समय कुछ ग्रामीणों ने नदी में शव तैरता देखा। इस पर तुरंत मांडल थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की सहायता से शव को नदी से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को मांडल अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया करवाई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने डीएनए सैंपल भी सुरक्षित किए हैं, ताकि बालिका की पहचान की जा सके। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल मासूम की पहचान नहीं हो पाई है। मामले की जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ शुरू कर दी गई है तथा गुमशुदा बच्चों से संबंधित रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## सफाईकर्मियों की भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने की उठी मांग

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने राजस्थान विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से प्रदेश



में सफाईकर्मियों की लंबित भर्ती और वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने का मुद्दा उठाया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वच्छता को जन आंदोलन बनाया गया है, लेकिन सफाईकर्मियों की कमी से इसका उद्देश्य प्रभावित हो रहा है। विधायक कोठारी ने बताया कि वर्ष 2018 के बाद नियमित सफाईकर्मियों की भर्ती नहीं हुई है। पिछले वर्ष भर्ती प्रक्रिया अनुभव प्रमाण पत्र जैसी तकनीकी कारणों से निरस्त करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समाज परंपरागत रूप से सफाई कार्य से जुड़ा है, इसलिए उनसे अनुभव प्रमाण पत्र मांगना व्यवहारिक नहीं है। उन्होंने संविदा सफाईकर्मियों की खराब स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि उन्हें पर्याप्त मानदेय और सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। कोठारी ने बताया कि भीलवाड़ा शहर में करीब 2300 सफाईकर्मियों की आवश्यकता है, जबकि केवल 900 ही कार्यरत हैं। उन्होंने सरकार से शीघ्र अस्थायी भर्ती कर बाद में नियमितीकरण की मांग की।

## हिंदुस्तान जिंक और ममता संस्था ने विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता सत्रों का किया आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (संजय खाबिया)।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के सीएसआर विभाग के सहयोग से ममता एचआईएमसी द्वारा संचालित मोबाइल हेल्थ वैन प्रोजेक्ट



के तहत राजस्थान एवं उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कैंसर जागरूकता और स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया गया। यह अभियान मुख्य रूप से पांच प्रमुख स्थानों उदयपुर के जावर, राजसमंद के दरीबा, चित्तौडग़ढ क़े चंदेरिया, भीलवाड़ा के आगुचा एवं उत्तराखंड के पंतनगर ऊधम सिंह नगर में आयोजित किये। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, बीमारी के शुरुआती लक्षणों की पहचान करना और समय पर इलाज के महत्व को समझाना था। विशेष रूप से महिलाओं और तंबाकू का सेवन करने वाले लोगों को मुंह, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर के खतरों के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान इंटरएक्टिव सत्रों में मोबाइल हेल्थ वैन के डॉक्टरों और नर्सों ने स्थानीय भाषा में लोगों को कैंसर के कारणों और बचाव के तरीकों के बारे में बताया। मौके पर ही लोगों की मौखिक, बीएमआई और ब्लड प्रेशर की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। जिन व्यक्तियों में कैंसर के लक्षण या जोखिम कारक पाए गए, उन्हें आगे के इलाज और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान समाज में कैंसर से जुड़ी गलत धारणाओं और डर को भ्रातिंयों की जानकारी से दूर करने का प्रयास किया। इन सत्रों के माध्यम से सैकड़ों ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। लोगों ने न केवल कैंसर स्क्रीनिंग के महत्व को समझा, बल्कि तंबाकू छोडऩे और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का भी संकल्प लिया।

## अतिवृष्टि से फसल नुकसान का मुद्दा विधायक कृपलानी ने विधानसभा में उठाया

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** निंबाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र सहित चित्तौडग़ढ़ एवं प्रतापगढ़ जिलों के विभिन्न हिस्सों में हाल ही में हुई अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से किसानों की फसलें व्यापक रूप से प्रभावित हुई



हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने गुरुवार को राजस्थान विधानसभा में पर्ची के माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित किया। विधायक कृपलानी ने अध्यक्ष महोदय के माध्यम से राज्य सरकार से आग्रह किया कि प्रभावित क्षेत्रों में खराब एवं नष्ट हुई फसलों की शीघ्र गिरदावरी करवाई जाए, ताकि वास्तविक नुकसान का सही आकलन हो सके और किसानों को समय पर राहत प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि के कारण रबी फसलों के साथ-साथ अफीम की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है, जिससे किसान आर्थिक संकट में आ गए हैं। विशेष रूप से निंबाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र के कनेरा घाटा क्षेत्र का उल्लेख करते हुए विधायक कृपलानी ने बताया कि वहां अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि के कारण अफीम की फसल पूरी तरह से प्रभावित हुई है। उन्होंने सरकार से यह भी आग्रह किया कि इस संबंध में समय रहते केंद्रीय नारकोटिक्स विभाग को आवश्यक जानकारी प्रेषित की जाए, ताकि अफीम काश्तकारों को नियमानुसार राहत एवं लाभ मिल सके। विधायक कृपलानी ने कहा कि ऐसी आपदाओं में त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रभावित किसानों को आपदा राहत योजनाओं के तहत शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की। इसके साथ ही विधायक कृपलानी ने पूर्व में फसल खराबे को लेकर विधानसभा क्षेत्र के प्रभावित किसानों को मुआवजा मिलने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए किसानों के पुराने मुआवजे को दिलाने का भी आग्रह किया।

## सड़क सुरक्षा के संबंध में विभिन्न विभागों को पुख्ता दिशा निर्देश

# महानिदेशक-ट्रैफिक,प्रशिक्षण एवं सड़क सुरक्षा के सान्निध्य में सडक़ सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** जिला सडक़ सुरक्षा समिति की माह फरवरी 2026 की समीक्षा बैठक गुरुवार को जिला कलक्टर एवं समिति अध्यक्ष आलोक रंजन की अध्यक्षता में तथा विशिष्ट अतिथि अनिल पालीवाल (आईपीएस), महानिदेशक - ट्रैफिक, प्रशिक्षण एवं सडक़ सुरक्षा के सान्निध्य में आयोजित की गई। बैठक में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में सडक़ दुर्घटनाओं से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। इसमें ई-ष्ठ्रक्र एवं सी-ष्ठ्रक्र प्रणाली के माध्यम से दुर्घटनाओं की प्रविष्टि, डेटा एनालिटिक्स, वर्ष 2001 से 2025 तक दुर्घटनाओं का वर्षवार विवरण, दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण, समय एवं संवेदनशील स्थानों का विश्लेषण तथा जिले के 27 हाई एक्सीडेंट प्रोन ब्लैक स्पॉट्स की स्थिति प्रस्तुत की गई। साथ ही सडक़ सुरक्षा अभियान के अंतर्गत की गई गतिविधियों, प्रवर्तन कार्यवाही तथा जिला सडक़ सुरक्षा कार्ययोजना की जानकारी भी दी गई।

### विभागों को दिए गए प्रमुख निर्देश

परिवहन विभाग को बसों की रैंडम चेकिंग, इमरजेंसी एग्जिट, फायर एक्सटिंग्विशर, एसी बसों की वायरिंग एवं सुरक्षा मानकों की जांच के निर्देश दिए गए। चिकित्सा विभाग को एम्बुलेंस डिप्लॉयमेंट, ट्रॉमा सेंटर मैपिंग, 24&7 ष्टक्कक्र एवं फर्स्ट एड सुविधा तथा ड्राइवरों के लिए आई-चेकअप कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस विभाग को परिवहन विभाग के साथ मिलकर ओवरस्पीडिंग एवं शराब सेवन कर वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई, टोल नाकों पर रैंडम चेकिंग, बसों में ज्वलनशील सामग्री की जांच तथा खतरनाक पदार्थों के परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। अंत में अध्यक्ष महोदय ने सभी विभागों को विशिष्ट अतिथि द्वारा दिए गए निर्देशों की अनुपालना रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, सहित चिकित्सा विभाग, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएम श्री बापू नगर भीलवाड़ा में वार्षिक उत्सव 'नवोत्कर्ष' का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापूनगर में वार्षिक उत्सव 'नवोत्कर्ष' का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षाविद शंकर लाल माली, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी कैलाश सुथार, पार्षद वार्ड संख्या 9 लव कुमार जोशी एवं विद्यालय के एसडीएमसी सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की थीम पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता, अनुशासन और आत्मविश्वास ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता नानकानी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग की सराहना की। मुख्य अतिथि शंकर लाल माली ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए 'भारत को जानो, भारत को मानो, भारत के बनो और भारत को बनाओ' जैसे प्रेरक उद्बोधन से राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की और विद्यार्थियों को देश के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान बोर्ड परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं, पद्माक्षी पुरस्कार विजेता छात्राओं, राष्ट्रीय स्तर पर चयनित नेटबॉल एवं बॉक्सिंग की छात्राओं तथा वर्षभर विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

## मेहनत को मिला मुकामः वर्द्धमान इंस्टीट्यूट की मेघा शर्मा का जयपुर की प्रतिष्ठित टेक्सटाइल कंपनी में चयन

### फैशन डिजाइनिंग की पढ़ाई से प्रोफेशनल सफलता तक, संस्थान के लिए गर्व का क्षण

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट उपलब्धियाँ हासिल कर रहे वर्द्धमान इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग एवं मेकअप आर्टिस्ट विभाग की छात्रा मेघा शर्मा ने संस्थान का नाम रोशन किया है। फैशन डिजाइनिंग विभाग की छात्रा मेघा शर्मा का चयन जयपुर की प्रतिष्ठित ओ वूमनिया टेक्सटाइल डिपार्टमेंट में हुआ है। यह सफलता न केवल मेघा शर्मा के लिए, बल्कि पूरे वर्द्धमान इंस्टीट्यूट परिवार के लिए गर्व और खुशी का विषय है।मेघा शर्मा ने अपने प्रशिक्षण काल के दौरान फैब्रिक स्टडी, टेक्सटाइल डिजाइन, पैटर्न मेकिंग और प्रैक्टिकल वर्क जैसे विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उनकी मेहनत, लगन और रचनात्मक सोच ने उन्हें इस उपलब्धि तक पहुँचाया।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने मेघा शर्मा को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि वर्द्धमान इंस्टीट्यूट विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि उद्योग-उन्मुख और व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान करता है। यह चयन संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण प्रणाली का प्रमाण है वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेंद्र पारख ने भी मेघा शर्मा को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और संस्थान की प्रतिष्ठा को और सशक्त करेगी। संस्थान के समस्त स्टाफ सदस्यों ने भी मेघा शर्मा की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वर्द्धमान इंस्टीट्यूट परिवार को विश्वास है कि आने वाले समय में और भी छात्राएँ इसी तरह सफलता की नई कहानियाँ लिखेंगी।

## सोना चांदी के गहने बने जानलेवा पुलिस अधिकारी जुटे समझाइश में

बढ़ता राजस्थान

**नैनवाँ,(टी.आर सैनी)।** सोना-चांदी के गहने पहनने वाले हो जाएं सावधान ,ऐसा भी संभव हो सकता है,कि सोने चांदी के गहने आपके लिए बहुत फायदेमंद न होकर जान लेवा साबित हो जावे । हाल में ऐसी घटनांए सामने आने के बाद अब ग्रांमीण क्षेत्र में खूनी दरिंदो के खेल से महिलाए भयभीत हैं । आज भी ऐसे कई समाज है,जिसमें महिलाएं लाखो रुपये के गहने पहनती है । लोगो की माने तो गहने केवल श्रृंगार के लिए नही पहने जाते है 7 वर्षो से चली आ रही पम्परा के तहत सोना- चांदी के गहने पहने वाली घर की औरत लक्ष्मीस्वरूपा होती है। परिवार पर कभी भी आर्थिक संकट आने पर गहने एटीम का काम करते हैं ।

**केस -1 :** गहने लूटे, मर्डर कर शव नदी में फेका - हाल ही में बून्दी जिले के नमाना थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक जने का अपहरण कर उसके गहने लूट लिए और बेरहमी से हत्या कर शव नदी में फेंक दिया. घटना सामने आने के बाद मृतक के परिजनों, ग्रामीणों और समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया। हालात को देखते हुए मौके पर पुलिस का भारी जाप्ता तैनात किया गया । लोगो ने बताया कि किशन गोपाल सोने-चांदी के आभूषण पहनकर रहता था। दोनों हाथों में चांदी के कड़ूले, कानों में सोने की मुख्यिया और गले में सोने का वजनी राउत उसकी पहचान का हिस्सा थे, लेकिन शव मिलने के समय ये सभी गहने गायब थे। बदमाशों ने आभूषणों की लूट के इरादे से ही किशन का अपहरण कर उसकी हत्या की है ।

**गहने के लिए सनसनीखेज मर्डर :** महिला के दोनों पैर काटे, गर्दन रेती - हाल में सवाईमाधोपुर जिले के बौली में नृशंस तरीके से हत्या करके सोने चांदी के गहने लूटे गये । लुटेरों ने महिला के दोनों पैर काटकर अलग कर दिए और गर्दन रेतकर महिला की हत्या कर दी ।

## सुरजना गांव में बिरला कॉरपोरेशन सीएसआर के तहत किसान मेले का आयोजन

### आधुनिक कृषि तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** चित्तौडग़ढ़ जिले के ग्राम सुरजना में बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड, यूनिट चंदेरिया (बिरला सीमेंट वर्क्स) द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत किसान मेले का सफल आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य किसानों को कृषि एवं पशुपालन से संबंधित नवीन तकनीकों, सरकारी योजनाओं तथा आधुनिक संसाधनों की जानकारी उपलब्ध कराना रहा।

किसान मेले में कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) सहित विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा कुल 14 स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों पर किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं नवीन कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में 400 से अधिक महिला एवं पुरुष किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मेले के दौरान विभिन्न बीज कंपनियों, उर्वरक कंपनियों एवं माइक्रो इरिगेशन कंपनियों द्वारा अपने उत्पादों और नवीन तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। इससे किसानों को उन्नत बीजों के उपयोग, संतुलित उर्वरक प्रबंधन तथा जल संरक्षण आधारित सिंचाई प्रणालियों की उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं विपणन किया गया। यह पहल ग्रामीण आजीविका संवर्धन और महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। किसान मेले में उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा किसानों की समस्याओं का समाधान भी किया गया। बड़ी संख्या में किसानों की सहभागिता के साथ यह किसान मेला सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड की माइंस टीम एवं पर्यावरण टीम की प्रभावी एवं समन्वित सहभागिता रही।

इन्टक का संकल्पः श्रमिक हितों की लड़ाई में एकजुटता और संवाद

# श्री सीमेंट ब्यावर में श्रमिकों से संवाद, नए डिमाण्ड चार्टर को लेकर राष्ट्रीय महामंत्री देवराज सिंह का मार्गदर्शन

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** इंडियन नेशनल सिमेन्ट वर्कर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय महामंत्री देवराज सिंह के ब्यावर आगमन पर श्री सीमेंट परिसर में श्रमिकों द्वारा उनका माला, साफा, शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत, सत्कार एवं अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर सीमेंट मजदूर संघ की कार्यकारिणी की बैठक भी आयोजित की गई।फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं संघ अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक को संबोधित करते हुए महामंत्री देवराज सिंह ने कहा कि ष्टरूर् और फेडरेशन के बीच होने वाले समझौते की अवधि चार वर्ष की होती है, जो जनवरी में पूरी हो चुकी है। इसी क्रम में वे देशभर में श्रमिक नेताओं से संवाद कर सुझाव एकत्रित कर रहे हैं, ताकि एक सशक्त और सारगर्भित नया डिमाण्ड चार्टर तैयार कर मार्च तक मालिकों की संस्था के समक्ष रखा जा सके और सकारात्मक वार्ता के माध्यम से नया समझौता हो सके।

देवराज सिंह ने कहा कि प्रत्येक संस्थान में 60 प्रतिशत स्थायी तथा 40 प्रतिशत अस्थायी, केजुअल व ठेका श्रमिक होने चाहिए। वरिष्ठता के आधार पर अस्थायी श्रमिकों को पदोन्नति व क्रमोन्नति देकर स्थायी श्रमिकों में शामिल किया जाए।

इस अवसर पर सलीम काठात, सरदारा काठात, हुसैन काठात, जब्बार काठात, भुवनेश शर्मा, रज्जाक काठात, हमीद काठात सहित अन्य श्रमिक प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव व समस्याएँ रखीं, जिन्हें मांग पत्र में शामिल करने का आश्वासन दिया गया। भुवनेश शर्मा द्वारा ब्यावर की प्रसिद्ध तिलपपड़ी व गजक भेंट किए जाने पर देवराज सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त की। सभा का संचालन निर्वतमान सरपंच हुसैन काठात ने किया। कार्यक्रम में गोविन्द मेघवंशी, मकबूल काठात, इस्माईल काठात, मजीद काठात, मेवा काठात, शेरसिंह, राकेश कड़ीवाल सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा के पश्चात सभी ने संकटमोचक हनुमान जी मंदिर में दर्शन कर पंडित कैलाशचन्द व गोपालदास से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# राजस्थान विधानसभा : मुख्यमंत्री ने स्वीकारी कांग्रेस की चुनौती

## बोले- सरकार के दो साल के कामकाज के दस्तावेज रखते हुए बहस को तैयार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विधानसभा में गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस का जवाब देते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा– विपक्ष ने पांच साल बनाम दो साल पर बहस की चुनौती थी, मैं चुनौती स्वीकार करता हूं। इसके लिए दस्तावेज सदन में रख रहा हूं। स्पीकर, इस पर बहस का समय तय कर दीजिए। पांच साल बनाम दो साल पर सदन में बहस को तैयार हूं। सीएम के जवाब के बाद सदन की कार्यवाही 11 फरवरी तक स्थगित कर दी गई।

सीएम की ओर से जवाब के दौरान कांग्रेस विधायकों ने दो बार हंगामा किया। पहले एसआईआर को लेकर सीएम ने विपक्ष के आरोपों को गलत बताया तो कांग्रेस विधायकों ने हंगामा किया। इसके बाद दो साल बनाम पांच साल पद बहस को लेकर हंगामा हुआ।

सीएम ने नाम लिए बिना कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर निशाना साधा। सीएम ने कहा– जब ये मंत्री थे, तो परेशानी लेकर जाते थे, तो कौनसा बाड़ा था, उसका रास्ता दिखा देते थे। 3 फरवरी को हमारे साथी ने उस बाड़े के बारे में इतिहास बता दिया था। आज मैं व्यक्ति नहीं, प्रवृति की बात कर रहा हूं, जो कुर्सी जाते ही ज्ञान का ग्रंथ बन जाता है। जब ऊंट खड़ा रहता है, तब तक आदमी को रेत नहीं दिखती। एक हाथ में हुकुमश् दूसरे हाथ रिश्तेदार की सिफारिश। इत्मिहान होते थे, सवाल कागज में नहीं पहले जेब में उतरते थे।

सीएम ने कहा– मेहनती युवा खड़े रह जाते थे। उस वक्त युवाओं की याद नहीं आई, उस वक्त नैतिकता की किताब कहां गई उस वक्त नैतिकता कहां थी। एक दिन कुर्सी खिसकी, एक चमत्कार हुआ। कल तक जो लोग घी पीने में व्यस्त थे, वे आज बोल रहे हैं, भ्रष्टाचार है, युवा देश का भविष्य है। है। वाह, पहले घी पी लिया, अब उपदेश दे रहे हैं। सत्ता हाथ में थी, मुंह में माखन था, सत्ता गई तो ज्ञान की मटकी भर गई।

सीएम ने कहा– जब कुर्सी थी, फैसले करने का वक्त था, तब विवेक छुट्टी पर क्यों था? सबसे मजेदार है कि हर मंच पर ईमानदारी का पाठ पढ़ाया जा रहा है। ईमानदारी कोई रिटायरमेंट के बाद की योजना नहीं होती। ईमानदारी वो है, जो कुर्सी पर बैठकर दिखाई जाती है। युवाओं को भाषण नहीं, निष्पक्ष परीक्षा चाहिए।





सीएम बोले– मैं चश्मे की व्यवस्था कर देता हूं– नेता प्रतिपक्ष को अब भी विकास नहीं दिख रहा तो मैं चश्मे की व्यवस्था कर सकता हूं। कई विधायकों ने आंकड़ों का मायाजाल रचा। जब हमने राज संभाला तब हालात क्या थे। कांग्रेस को पता था वापस नहीं आएंगे इसलिए अर्थव्यवस्था को कमजोर किया। पिछली सरकार से विरासत में 5 लाख 79 हजार करोड़ से ज्यादा का कर्ज मिला था। हमने आने के बाद अर्थव्यवस्था को गति दी।

जूली बोले– बैठक में एक मंत्री ने सरकार की हकीकत बता दी–इससे पहले अभिभाषण पर बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार पर निशाना साधा। टीकाराम जूली ने कहा– सरकार में काम हो या नहीं, लेकिन बढ़–चढ़कर ब्रांडिंग करनी है। मुख्यमंत्री रील बनाते हैं। इस ब्रांडिंग के लिए आठ करोड़ का ठेका दे रखा है। इन्होंने यूट्यूब चैनल बना रखे हैं, उन पर 100 लोग भी दर्शक नहीं होते। जूली ने कहा– मुख्य सचिव चले गए, प्रमुख सचिव चले गए, हमने सोचा अब किसका नंबर है। हमने कहा कहीं अब सीएम नहीं बदल जाए, सीएम तो यही रहने चाहिए। हम तो चाहते हैं यही सीएम पूरे पांच साल पूरा करें।

जूली ने कहा– देश के एक बड़े उद्योगपति मिलकर गए हैं, उसके अगले दिन ही दिन आपने कैबिनेट बुला ली। चाहे तो नाम भी बता सकता हूं। विधायक दल की बैठक में एक मंत्री ने सरकार की हकीकत बता दी। बैठक में कहा– एक मंत्री की वजह से लोग हमें गांवों में नहीं घुसने नहीं देंगे।

### जूली बोले- वंदे मातरम का कौनसा हिस्सा हटाया, जिस पर विवाद हुआ

जूली ने कहा– आजादी की लड़ाई के वक्त आरएसएस ने वंदे मातरम को नहीं अपनाया। बाद में तिरंगे को भी नहीं अपनाया। सदन में बैठे बीजेपी विधायकों में से कौन बता सकता है वंदे मातरम का वो कौनसा हिस्सा हटाया, जिस पर विवाद था। जूली ने कहा– मैं बैठ जाता हूं आप बता दीजिए। हालांकि इस दौरान कोई खड़ा नहीं हुआ।

# ट्रंप का बयानः चैटजीपीटी का इस्तेमाल नहीं किया, लेकिन एआई इंटरफेस को बताया अहम

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि उन्होंने चैटजीपीटी जैसे एआई इंटरफेस का इस्तेमाल नहीं किया, फिर भी उन्हें लगता है ये बहुत अहम है। उन्होंने ये भी कहा कि वो एआई के मामले में चीन से काफी आगे हैं और भविष्य में इस क्षेत्र में और अधिक निवेश के लिए भी तैयार हैं। अमेरिकी मीडिया आउटलेट एनबीसी न्यूज से बातचीत में माना कि एआई टूल का उन्होंने इस्तेमाल नहीं किया है लेकिन इसके बारे में वो सब कुछ जानते हैं। एआई से अमेरिका में लेऑफ और अमेरिका की तैयारी को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में ट्रंप ने अपनी तैयारियों पर राय रखी और माना कि वो इस मामले में बीजिंग से काफी आगे हैं। ट्रंप ने कहा, हम चीन से काफी आगे हैं। एआई रेस में अमेरिका चीन से ही नहीं, पूरी दुनिया से भी काफी आगे है। उन्होंने आगे कहा, एआई और ऑटोमोबाइल कंपनियां अमेरिका में फैक्ट्रियां बना रही हैं। एआई को बहुत ज्यादा बिजली चाहिए, इसलिए उनकी योजना है कि हर नई फैक्ट्री बिजली खुद बनाएगी। दावा किया कि अमेरिका में एआई, ऑटो प्लांट और दूसरी इंडस्ट्रीज बड़े पैमाने पर बन रही हैं और देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। एआई के कारण ले ऑफ वाले सवाल पर ट्रंप ने कहा, कहा गया था कि इंटरनेट नौकरियां खत्म कर देगा, रोबोट नौकरियां खत्म कर देंगे, सब कुछ नौकरियां खत्म कर देगा और अगर आप स्मार्ट हैं, तो आप आखिर में बहुत अच्छा करते हैं। इसके साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने एआई टूल इस्तेमाल न करने की भी बात कही। माना कि उन्होंने चैट जीपीटी और क्लाउड जैसे बहुचर्चित एआई इंटरफेस का इस्तेमाल नहीं किया है। उन्होंने कहा, मैंने सच में नहीं किया है, लेकिन मुझे इसके बारे में सब पता है। मुझे लगता है ये बहुत महत्वपूर्ण है। बुधवार रात टीवी पर प्रसारित शो में ट्रंप ने माना कि अमेरिका का राष्ट्रपति होना उनके लिए सबसे मुश्किल काम है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति बनना सबसे खतरनाक काम है। मुझे अपनी सुरक्षा की चिंता रहती है, लेकिन इस डर को मन से निकालना पड़ता है।

# अमृत भारत योजना के तहत 172 स्टेशनों का कायाकल्प पूराः रेल मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में 172 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य पूरा कर लिया गया है। इस योजना का उद्देश्य स्टेशनों और उनके आसपास के क्षेत्रों में यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाना, स्टेशनों को शहर के दोनों हिस्सों से जोड़ना और आधुनिक बुनियादी ढांचे के जरिए यात्रा अनुभव को सहज बनाना है।

### यात्रियों की जरूरतों के अनुसार सुविधाओं का विकास

योजना के तहत यात्रियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए चौड़े फुटओवर ब्रिज, एस्केलेटर और लिफ्ट की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, बेहतर पार्किंग क्षेत्र, आधुनिक पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम और सुव्यवस्थित वेटिंग हॉल जैसी सुविधाएं भी विकसित की गई हैं।

### मल्टीमॉडल इंटीग्रेशन और कियोस्क की व्यवस्था

रेल मंत्री ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना में मल्टीमॉडल इंटीग्रेशन पर विशेष जोर दिया गया है, ताकि यात्रियों को विभिन्न परिवहन साधनों से बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके। इसके साथ ही, यात्रियों की सुविधा के लिए सामान और सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु कियोस्क की व्यवस्था भी की गई है।

### पर्यावरण अनुकूल समाधान और सिटी सेंटर की अवधारणा

लोकसभा में लिखित उत्तर में अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना में टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल समाधानों को अपनाया गया है। आधुनिक ट्रैक के साथ-साथ स्टेशन परिसरों को एक सिटी सेंटर के रूप में विकसित करने की योजना भी इसमें शामिल है। अब तक इस योजना के तहत 1,337 स्टेशनों को पुनर्विकास के लिए चिन्हित किया जा चुका है।

# डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म से बड़ा एक्शन, लाखों नंबर और हैंडसेट ब्लैकलिस्ट

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने देशभर में बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। इस अभियान के तहत 39.43 लाख मोबाइल कनेक्शन डिस्कनेक्ट किए गए हैं, जबकि 2.27 लाख मोबाइल हैंडसेट और 1.31 लाख एसएमएस टेम्पलेट्स को भी ब्लैकलिस्ट किया गया है।

### राज्यसभा में सरकार ने दी कार्रवाई की जानकारी

संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर ने गुरुवार को राज्यसभा में लिखित जवाब में बताया कि दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए दूरसंचार विभाग ने डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (डीआईपी) की स्थापना की है, जिससे साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

### 'संचार साथी' पोर्टल से नागरिकों की भागीदारी

मंत्री ने बताया कि दूरसंचार विभाग की 'संचार साथी' पहल वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से आम नागरिकों के लिए उपलब्ध है। इसके तहत 'चक्षु' सुविधा के जरिए नागरिक संदिग्ध कॉल, मैसेज और अन्य धोखाधड़ी से जुड़े संचार की रिपोर्ट कर सकते हैं।

### धोखाधड़ी की कोशिश और वास्तविक नुकसान में अंतर

डॉ. चंद्र शेखर ने कहा कि संचार साथी का उद्देश्य उन मामलों की रिपोर्टिंग को बढ़ावा देना है, जहां धोखाधड़ी की कोशिश तो की गई हो, लेकिन वास्तविक वित्तीय नुकसान नहीं हुआ हो। जिन मामलों में वास्तविक नुकसान हुआ है, उनकी जांच भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र द्वारा की जाती है, जो गृह मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है।

# होली पर पूर्व रेलवे का बड़ा ऐलान, 94 स्पेशल ट्रेन चलेंगी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आगामी होली पर्व के दौरान यात्रियों की संभावित भीड़ को देखते हुए भारतीय रेल ने विशेष ट्रेन सेवाओं की व्यापक योजना बनाई है। इसी कड़ी में पूर्व रेलवे ने इस वर्ष होली स्पेशल ट्रेनों की 94 यात्राएं संचालित करने का फैसला किया है, ताकि अपने पैतृक स्थानों की यात्रा करने, परिवार से मिलने, त्योहार मनाने और पुरी जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों पर जाने वाले यात्रियों को सुगम यात्रा सुविधा मिल सके।

### कोलकाता, हावड़ा और सियालदह से चलेंगी विशेष ट्रेनें

पूर्व रेलवे के अनुसार, 94 होली स्पेशल यात्राओं में 10 यात्राएं कोलकाता–रक्सौल (बरौनी के रास्ते), 8 यात्राएं कोलकाता–मधुबनी (बरौनी के रास्ते) और 20 यात्राएं कोलकाता–गोरखपुर (पटना के रास्ते) शामिल हैं। इसके अलावा, 8 यात्राएं हावड़ा–आनंद विहार (झाझा–किउल–गया के रास्ते) और 8 यात्राएं हावड़ा–खातीपुरा (झाझा–किउल–गया के रास्ते) के बीच चलाई जाएंगी। वहीं, 2 यात्राएं कोलकाता–न्यू जलपाईगुड़ी और 8 यात्राएं सियालदह–पुरी के बीच संचालित होंगी।

# बंगाल में 21-40 की उम्र के बेरोजगारों को 1500 मिलेंगे

## कर्मचारियों का डीए 4% बढ़ा; 4.06 लाख करोड़ रुपए का अंतरिम बजट पेश

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 21–40 वर्ष की आयु वर्ग के बेरोजगार लोगों को 1,500 रुपए का मासिक भत्ता दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि अगर उनकी सरकार सत्ता में दोबारा आती है ते यह योजना 15 अगस्त से शुरू की जाएगी।

सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाले में डियरनेस अलाउंस में भी 4% की बढ़ोतरी की गई है। वहीं, लक्ष्मी भंडार योजना के तहत भी 500 रुपए बढ़ाए गए हैं। इसमें अभी तक सामान्य वर्ग की महिलाओं को 1,000 रुपए और एससी/एसटी महिलाओं को 1,200 रुपए दिए जाते थे। पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को राज्य विधानसभा में 2026–27 वित्तीय वर्ष के लिए 4.06 लाख करोड़ रुपए का अंतरिम बजट पेश किया। राज्य में तीन महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं।

### बंगाल के बजट में ये घोषणाएं....

लक्ष्मी भंडार योजना में बढ़ोतरी का प्रस्ताव, फरवरी से मासिक भत्ता 500 रुपए बढ़ेगा। इसके लिए 15,000 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। सरकार बांग्लार युवा साथी नाम की नई योजना शुरू करेगी। इसके तहत 21क्ष्40 साल के बेरोजगार लोगों को नौकरी मिलने तक या अधिकतम 5 साल तक 1,500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। आंगनवाड़ी, आशा वर्कर्स, नागरिक स्वयंसेवक, ग्रीन पुलिस और ग्राम पुलिस को मासिक भत्ते में बढ़ोतरी दी गई। आंगनवाड़ी कर्मचारियों के लिए मृत्यु मुआवजा भी घोषित किया गया। सरकारी कर्मचारियों को 4% महंगाई भत्ता बढ़ाने की घोषणा। राज्य सरकार ने 7वें वेतन आयोग को लागू करने की दिशा में काम जारी रखने की बात दोहराई।

राज्य की 100–दिवसीय ग्रामीण रोजगार योजना 'महात्मा श्री' के लिए 2,000 करोड़ रुपये का आवंटन। यह योजना केंद्र की वीबी–ग्राम–जी से अलग है।



### ममता बोलीं- केंद्र पर 2 लाख करोड़ बकाया

सीएम ने आरोप लगाया कि केंद्र पर पश्चिम बंगाल का लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का वैध बकाया है। बनर्जी ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, ग्रामीण आवास, ग्रामीण सड़कें और सर्व शिक्षा अभियान जैसी प्रमुख योजनाओं के लिए फंड सालों से रोक दिया गया है।

# यूपीएससी-सेवा में रहते हुए बार-बार परीक्षा देने का रास्ता बंद : रैंक सुधारने का मौका सिर्फ एक बार; नए नियम 2026 से लागू

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2026 का नोटिफिकेशन बुधवार को जारी किया है। आयोग ने इस बार 933 पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी किया है। आवेदन की आखिरी तारीख 24 फरवरी है। परीक्षा केंद्र में फेस ऑथेंटिकेशन के बाद ही एंट्री दी जाएगी। इस बार प्रयास और पात्रता से जुड़े नियमों में भी बड़ा बदलाव किया गया है। इसके मुताबिक अब सिलेक्शन के बाद दोबारा परीक्षा देने की आजादी पहले जैसी नहीं रहेगी। नए प्रावधानों में सेवा में रहते हुए बार–बार परीक्षा देने का रास्ता बंद कर दिया गया है। वहीं, आईएएस और आईएफएस को लेकर पुराने नियम जस के तस रखे गए हैं। चयनित अफसर को एक बार परफॉर्मेंस बेहतर करने का मौका मिलेगा। जैसे किसी का 2026 में आईपीएस में सिलेक्शन हुआ तो वह 2027 में परफॉर्मेंस बेहतर करने की परीक्षा देने का पात्र होगा। उसके बाद अगर वह परीक्षा देना चाहता है तो उसे सेवा से इस्तीफा देना होगा।

### पहले से आईपीएस को दोबारा आईपीएस नहीं

**पहले से आईपीएस में चयनित या नियुक्त उम्मीदवार सीएसई 2026 से दोबारा आईपीएस नहीं पा सकेंगे। वहीं प्रीलिम्स के बाद लेकिन मेन्स से पहले अगर आईएएस या आईएफएस बनते हैं. तो मेन्स लिखने की अनुमति नहीं मिलेगी।**


# आसाराम के अहमदाबाद आश्रम पर चलेगा बुलडोजर

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जमीन वापस लेने का आदेश दिया, 500 करोड़ से ज्यादा है कीमत

अहमदाबाद (एजेंसी)।

अहमदाबाद के मोटेरा में स्थित आसाराम का मुख्य आश्रम अब कानूनी विवादों में है। गुजरात हाईकोर्ट ने 45,000 वर्ग मीटर से अधिक की आश्रम की जमीन को राज्य सरकार के कब्जे में लेने और आश्रम में बने अवैध निर्माणों को हटाने की मंजूरी दे दी है। इस आश्रम की जगह अब 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनेगा। वर्तमान में इस जमीन की मार्केट वैल्यू 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की है। गुजरात हाईकोर्ट की जस्टिस वैभवी नानावटी ने इस मामले में गुरुवार को फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को जमीन वापस लेने की अनुमति दे दी।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि विकास परियोजना की आवश्यकता और नियमों के उल्लंघन को देखते हुए सरकारी कार्रवाई उचित है। इस फैसले के बाद अहमदाबाद नगर निगम अब किसी भी समय अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर सकता है। 32 अवैध यूनिट स्थापित हो थीं आश्रम में राज्य सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ लोक अभियोजक जीएच विर्क ने तर्क दिया कि मोटेरा स्थित आश्रम परिसर में करीब 32 अवैध यूनिट स्थापित कर ली गई थीं। जबकि सार्वजनिक भूमि पर धीरे–धीरे अतिक्रमण करना और फिर उसे वैध ठहराना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि आश्रम को कानूनी रूप से आवश्यक संख्या से अधिक नोटिस भेजे गए, एक के बाद एक कई सुनवाई भी हुईं।



प्रशासन को जांच के दौरान पता चला कि इन इकाइयों का इस्तेमाल व्यावसायिक गतिविधियों और अनधिकृत निर्माण के लिए किया जा रहा था। नियमों के उल्लंघन और सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के आरोपों के चलते कलेक्टर कार्यालय की ओर से भी आश्रम को कई बार नोटिस जारी किया जा चुका है।

राज्य अधिकारियों ने अदालत के सामने ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किए थे कि दशकों पहले सीमित धार्मिक उपयोग के यह भूमि आवंटित की गई थी। लेकिन, धीरे–धीरे आश्रम का दायरा कानूनी सीमा से काफी बाहर निकल गया था।

# अमित शाह ने लॉन्च की भारत टैक्सी

## ड्राइवरों को मिलेगा मालिकाना हक और सुरक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को देश की पहली सहकारिता क्षेत्र की टैक्सी सर्विस 'भारत टैक्सी' लॉन्च की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी के जरिए ड्राइवरों को मुनाफे में मालिकाना हक मिलेगा और उनकी आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। योजना के तहत ड्राइवरों को पेंशन और बीमा जैसे लाभ भी दिए जाएंगे।

**सहकारिता मॉडल से टैक्सी सेवा की शुरुआत**–अमित शाह ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से छोटी–छोटी पूंजी को जोड़कर बड़ा काम कैसे किया जा सकता है, भारत टैक्सी इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह दिन टैक्सी चालक बहनों और भाइयों के लिए बेहद अहम है। भारत टैक्सी से जुड़े ड्राइवर न केवल अधिक मुनाफा कमाएंगे, बल्कि सम्मान के साथ इसके मालिक भी होंगे।



**तीन साल में पूरे देश में विस्तार का लक्ष्य**–गृह मंत्री ने बताया कि अगले तीन वर्षों में कश्मीर से कन्याकुमारी और द्वारका से कामाख्या तक पूरे देश में भारत टैक्सी का विस्तार किया जाएगा।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।